Web Portal
www.ghatatighatana.com
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...
RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022

# घटती घटना

अम्बिकापुर , वर्ष 19,अंक -41 रविवार ,11 दिसम्बर 2022, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

जुगनू तभी तक चमकता है,जब तक वह उड़ता है,यही हाल हमारे मन का है। जब हम रूक जाते हैं तो अंधकार में पड़ जाते हैं।

-बेली-

## संक्षिप्त खबरें

### वंदे भारत एक्सप्रेस को मोदी 11 दिसंबर को दिखाएंगे हरी झंडी



**नई दिल्ली , 10 दिसम्बर 2022(ए)।** मध्य भारत की पहली एवं देश की छठवीं वंदे भारत एक्सप्रेस का बिलासपुर-नागपुर-बिलासपुर के बीच परिचालन 11 दिसंबर' से शुरू हो जाएगा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिनांक 11 दिसंबर' को नागपुर-बिलासपुर वंदे भारत उदघाटन स्पेशल एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ करेंगे । गाड़ी संख्या 20825/20826 बिलासपुर-नागपुर-बिलासपुर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की सेवा सप्ताह में छह दिन (शनिवार को छोड़कर) दोनों छोर से संचालित की जाएगी । इस ट्रेन के रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव एवं गोंदिया स्टेशनों में स्टॉपेज दिए गए है ।

### तेलंगाना में 100 से अधिक लोगों ने महिला का किया अपहरण

**आदिबाटला (तेलंगाना) , 10 दिसम्बर 2022(ए)।**तेलंगाना के रंगा रेड्डी जिले के आदिबाटला में एक 24 वर्षीय महिला का उसके घर से कथित तौर पर अपहरण करने के लिए कम से कम 100 लोग उसके घर में



घुस गए और उसे जबरन अपने साथ ले गए। वैशाली के रूप में पहचानी जाने वाली महिला के माता-पिता के अनुसार, लगभग 100 पुरुषों ने उनके घर पर धावा बोल दिया और तोड़-फोड़ कर उनकी बेटी को जबरन ले गए।सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में युवकों को महिला के परिजनों को पीटते देखा जा सकता है।
तेलंगाना पुलिस ने मामले में मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है। यह घटना तेलंगाना की राजधानी के पास स्थित जिले के आदिबातला इलाके में हुई।

# हिमाचल के नए मुख्यमंत्री होंगे सुखविंदर सिंह सुक्खू

**» मुकेश अग्निहोत्री बनेंगे डिप्टी सीएम**

**» कल होगा शपथ ग्रहण**

**शिमला, 10 दिसम्बर 2022(ए)।**
कांग्रेस नेता सुखविंदर सिंह सुक्खू हिमाचल प्रदेश के नए मुख्यमंत्री होंगे और मुकेश अग्निहोत्री को डिप्टी सीएम की जिम्मदारी मिली है। छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह कल सुबह 11 बजे होगा। कल शपथ ग्रहण समारोह में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे शामिल होंगे। कांग्रेस विधायक दल की बैठक में सुखविंदर सिंह सुक्खू को सीएम बनाने का निर्णय लिया गया। बता दें कि राज्य में पहली बार डिप्टी सीएम बनाया जाएगा। भूपेश बघेल ने बताया कि अभी हम राजभवन जा रहे हैं।

### सुक्खू ने पार्टी और जनता को दिया धन्यवाद

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री बनाए जाने पर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा, मैं सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और प्रदेश की जनता का शुक्रगुजार हूं। हमने हिमाचल प्रदेश की जनता से जो वादे किए हैं, उन्हें पूरा करना मेरी जिम्मेदारी है। राज्य के विकास के लिए हमें काम करना है। उन्होंने कहा, डिप्टी सीएम के रूप में चुने गए मुकेश अग्निहोत्री और मैं एक टीम के रूप में काम करेंगे। मैंने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत 17 साल की उम्र में की थी। कांग्रेस पार्टी ने मेरे लिए जो किया



है उसे मैं कभी नहीं भूल पाऊंगा।

### सुक्खू मुख्यमंत्री और मुकेश अग्निहोत्री डिप्टी सीएम होंगे

भूपेश बघेल ने बताया कि हाईकमान ने आज सुखविंदर सिंह सुक्खू को कांग्रेस विधायक दल के नेता यानी मुख्यमंत्री के रूप में चयन किया है और उपमुख्यमंत्री के रूप में मुकेश अग्निहोत्री को चुना है। कांग्रेस के हिमाचल प्रदेश प्रभारी राजीव शुक्ला ने कहा कि सर्वसम्मति से सारे विधायकों ने सुखविंदर सिंह सुक्खू को विधायक दल का नेता चुना है। कल उन्हें मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई जाएगी। उपमुख्यमंत्री के रूप में मुकेश अग्निहोत्री को चुना गया है। ये आलाकमान का निर्णय है।
हिमाचल प्रदेश में प्रतिभा सिंह के समर्थकों ने की नारेबाजी

### प्रतिभा सिंह आलाकमान के फैसले से खुश

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस प्रमुख प्रतिभा सिंह ने कहा कि हम कांग्रेस आलाकमान द्वारा लिए गए निर्णय को स्वीकार करते हैं। कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि कल सुखविंदर सिंह सुक्खू शपथ लेंगे और सूचारू रूप से सरकार चलाएंगे। कल शपथ समारोह में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे आएंगे। सभी विधायकों को भी निमंत्रित किया गया है।
कांग्रेस महासचिव और शिमला ग्रामीण से विधायक विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हाईकमान ने जो निर्णय लिया है उसका सम्मान करते हैं। पार्टी के फैसले को लेकर कोई भी मायूसी नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी एकजुट है और एकजुट रहेगी।

### आलाकमान पर छोड़ा गया था फैसला

बता दें कि हिमाचल में सीएम पद को लेकर शुक्रवार रात को नवनिर्वाचित विधायकों द्वारा सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पास किया गया, जिसमें सीएम चुनने के लिए कांग्रेस आलाकमान को अधिकृत किया गया।

# चेन्नई में चक्रवाती तूफान मैंडूस ने मचाई तबाही

### चार लोगों की मौत, 400 से ज्यादा पेड़ उखड़े

**चेन्नई, 10 दिसम्बर 2022(ए)।** चेन्नई के मामल्लपुरम तट से टकराने के बाद चक्रवाती तूफान मैंडूस ने तबाही मचा दी है। मामल्लपुरम तट से गुजरने के बाद चक्रवाती तूफान ने शहर और आसपास के इलाकों को प्रभावित किया और यहां तक की 400 से ज्यादा पेड़ जड़ से उखड़ गये। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने बताया कि 9 और 10 दिसंबर की दरम्यानी रात 70 किमी प्रति घंटे की हवा के साथ तूफान तट से टकराया।

### चार लोगों की हुई मौत

सीएम ने बताया कि तूफान के चलते चार लोगों की मौत भी हो गई। मरीना बीच के पास भी जलभराव देखने को मिला और खाने-पीने के स्टॉल क्षतिग्रस्त हो गए। स्टालिन ने प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि सरकार ने स्थिति का अनुमान लगा लिया है और सभी निवारक उपाय किए जा रहे हैं ताकि बड़े नुकसान को रोका जा सके। उन्होंने बताया कि वृहद चेन्नई निगम समेत विभिन्न निकाय एजेंसी गिरे हुए पेड़ों को हटाने में लगी रहीं, ताकि जनजीवन सामान्य हो सके। स्टालिन ने कहा कि उन्नत




योजना के साथ, इस सरकार ने साबित कर दिया कि किसी भी आपदा का प्रबंधन किया जा सकता है।

### अब कमजोर होने लगा तूफान

तेज हवा चलने के चलते लगभग 400 पेड़ गिर गए हैं। कई पेड़ बिजली के खंभों पर गिर जाने के चलते बिजली सप्लाई भी प्रभावित हुई है। चक्रवात के कारण बिजली के खंभों और ट्रांसफार्मरों को नुकसान पहुंचा है और 600 जगहों पर बिजली बंद कर दी गई है। सरकार के अनुसार सफाई का काम तेजी से चल रहा है और लगभग 25,000 लोग आपदा प्रबंधन कार्यों में लगे हैं। हालांकि, आईएमडी चेन्नई ने एक ट्वीट में कहा कि चक्रवाती तूफान मैंडूस उत्तरी तमिलनाडु तट पर टकराने के बाद अब कमजोर हो गया है।

### केंद्रीय सहायता मांग सकती है सरकार

मुख्यमंत्री स्टालिन ने कहा कि नुकसान का आकलन किया जा रहा है और जरूरत पड़ने पर केंद्रीय सहायता मांगी जा सकती है। इससे पहले, राज्य के राजस्व और आपदा प्रबंधन मंत्री के के एस एस आर रामचंद्रन ने कहा कि 205 राहत केंद्रों में 9,000 से अधिक लोगों को रखा गया है। शुक्रवार सुबह 6 बजे से आज सुबह 6 बजे के बीच, 30 घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को भी संचालन प्रभावित होने के कारण रद्द कर दिया गया था।

### मौसम विभाग ने बताया

मौसम विभाग ने बताया कि चक्रवाती तूफान मैंडूस (जिसका मतलब खजाने की पेटी है) उत्तरी तमिलनाडु तट पर गहरे दबाव के क्षेत्र में तब्दील होकर कमजोर हो गया। यह 10 दिसंबर को दोपहर तक पश्चिम-उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ा और धीरे-धीरे कमजोर होकर दबाव के क्षेत्र में बदल गया। चक्रवात से हुए प्रभाव की समीक्षा करने काशीमेडु क्षेत्र में पहुंचे सीएम स्टालिन ने बताया कि सरकार ने चक्रवात को देखते हुए कई एहतियाती कदम उठाए थे।
तमिलनाडु में चक्रवात से हुए पूरे नुकसान का अनुमान अभी तक नहीं लगाया जा सका है, लेकिन इस दौरान 9,000 लोगों ने 205 राहत शिविरों में शरण ली। शुक्रवार सुबह छह बजे से शनिवार सुबह छह बजे तक 30 घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ाने रद्द हुई। वहीं, सुबह कुछ समय के लिए एयरपोर्ट को बंद भी करना पड़ा।



## भूपेंद्र पटेल बनेंगे गुजरात के मुख्यमंत्री

### चुने गए विधायक दल के नेता,कल लेंगे शपथ ग्रहण

**अहमदाबाद , 10 दिसम्बर 2022(ए)।**गुजरात के सीएम के तौर पर विधायक दल की बैठक में भूपेंद्र पटेल के नाम पर मुहर लग गई है। आज बीजेपी विधायक दल की बैठक में पर्यवेक्षकों ने विधायकों के सामने भूपेंद्र पटेल का नाम रखा और फिर सर्वसम्मति से उनको विधायक दल का नेता चुन लिया गया। भूपेंद्र पटेल को दोबारा सीएम की कुर्सी देने का फैसला आलाकमान ने किया है।
गुजरात में अब तक की सबसे बड़ी ऐतिहासिक जीत हासिल करने के बाद भाजपा सोमवार, 12 दिसंबर को राज्य में लगातार सातवीं बार सरकार बनाने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अलावा अन्य कई केंद्रीय मंत्री और भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री भी गुजरात के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हो सकते हैं।

## अजन्मे बच्चे को गोद लेने का समझौता पैसे के लिए गोद लेने जैसा : कर्नाटक हाईकोर्ट




**बेंगलुरु , 10 दिसम्बर 2022(ए)।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने 2 साल, नौ महीने की एक बच्ची के माता-पिता द्वारा संयुक्त रूप से दायर याचिका की सुनवाई करते हुए कहा है कि एक अजन्मे बच्चे के 'गोद लेने के लिए समझौता' कानून के लिए अज्ञात है और इसे 'पैसे के लिए गोद लेने' के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। हिंदू जैविक माता-पिता और मुस्लिम दत्तक माता-पिता ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, जब उडुपी जिला अदालत द्वारा बाल देखभाल इकाई से बच्चे की कस्टडी की मांग को खारिज कर दिया गया था।
न्यायमूर्ति बी. वीरप्पा और न्यायमूर्ति के.एस. हेमलेखा की खंडपीठ ने कहा कि एक अजन्मे के जीवन के अधिकार को भी संविधान के अनुच्छेद 21 के दायरे में आने वाला माना जाएगा और उडुपी जिला बाल संरक्षण इकाई (डीसीपीयू) द्वारा दत्तक माता-पिता के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने के कदम को सही ठहराया। साथ ही, डीसीपीयू ने दलील दी कि पैसे के बदले अवैध रूप से बच्चे की अदला-बदली की गई थी।अदालत ने मुस्लिम कानून के तहत भी 'समझौते' को अमान्य करार दिया, क्योंकि समझौता मुस्लिम और गैर-मुस्लिम माता-पिता के बीच दर्ज किया गया था।
यह देखते हुए कि किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015 एक ऐसे बच्चे के कल्याण की रक्षा कर सकता है, जिसके माता-पिता आर्थिक तंगी के कारण अपने बच्चों की देखभाल करने में असमर्थ हैं। हाईकोर्ट की खंडपीठ ने कहा कि ऐसे में समझौता कायम नहीं रखा जा सकता।

# जैस्मिन शाह मामले में केजरीवाल और उपराज्यपाल आमने-सामने





**नई दिल्ली , 10 दिसम्बर 2022(ए)।** उपराज्यपाल कार्यालय ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के उस आदेश को अवैध बताया है जिसे उन्होंने योजना विभाग को दिया था, जिसमें जैस्मिन शाह के समर्थन में कहा था कि जैस्मिन शाह को सभी सुविधाएं बहाल की जाएं। उपराज्यपाल कार्यालय ने कहा है कि जैस्मीन शाह के मामले को पहले ही कार्रवाई के लिए राष्ट्रपति के पास भेजा जा चुका है।उपराज्यपाल के निर्देश पर पिछले 17 नवंबर को योजना विभाग ने दिल्ली संवाद एंव विकास आयोग के उपाध्यक्ष के पद के तहत शाह को मिलने वाली सभी सुविधाओं को रोक दिया था। एलजी ने शाह को पद से हटाने के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखा था।

### सुविधाएं ली गईं थी वापस

वहीं पिछले महीने उपराज्यपाल के एक आदेश के बाद उन्हें दी जा रही सुविधाओं को वापस ले लिया गया था। सिविल लाइन्स के एसडीएम ने गत 17 नवंबर को जैस्मिन शाह के दफ्तर को सील कर दिया था। जैस्मिन शाह ने इस कदम के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है।

### क्या कहा केजरीवाल ने?

शाह को हटाने और उनके विशेषाधिकार वापस लेने का प्रशासनिक आदेश भी 17 नवंबर को एलजी सक्सेना के निर्देश के बाद योजना विभाग द्वारा जारी किया गया था, इस पर प्रतिक्रिया देते हुए सीएम ने आदेश में लिखा है कि इस मुद्दे पर कोई अधिकार उनके पास नहीं है। केजरीवाल ने आदेश में कहा है कि डीडीसी उपाध्यक्ष को कैबिनेट के एक फैसले से नियुक्त किया गया था और केवल आयोग के अध्यक्ष की मंजूरी से ही उन्हें हटाया जा सकता है, य




## विवाहित महिला अपने पति के अलावा किसी पुरुष से सहमति से संबंध बनाए तो यह रेप केस नहीं : हाईकोर्ट

**रांची , 10 दिसम्बर 2022(ए)।** झारखंड हाईकोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि अगर कोई विवाहिता अपने पति के अलावा किसी अन्य पुरुष के साथ सहमति के आधार पर सेक्सुअल रिलेशनशिप बनाती है तो बाद में वह उसपर रेप का केस नहीं कर सकती। कोर्ट ने कहा कि विवाहिता किसी व्यक्ति द्वारा किए गए शादी के वादे पर भरोसा कर उसके साथ संबंध बनाने के बाद वह इसे सेक्सुअल एक्सप्लोइटेशन का मामला कैसे बता सकती है? जस्टिस एसके द्विवेदी की कोर्ट ने मनीष कुमार नामक एक शख्स की याचिका पर सुनवाई करते यह आदेश पारित किया और उसके खिलाफ निचली अदालत की ओर से लिए गए संज्ञान को रद्द कर दिया।
विवाहिता महिला की मां ने देवघर जिला कोर्ट में मनीष कुमार के खिलाफ शिकायत वाद दायर किया था। इसमें कहा गया था देवघर में श्रावणी मेले के दौरान उसकी पुत्री मनीष कुमार के साथ संपर्क हुआ था। महिला के मुताबिक वह शादीशुदा है और उसके पति के साथ तलाक का मामला चल रहा है। मनीष ने उससे इस वादे के साथ उसकी सहमति से यौन संबंध बनाए कि तलाक होने के बाद वह उससे शादी कर लेगा। बाद में मनीष ने शादी करने से इंकार कर दिया।

# पाकिस्तानी सीजफायर का बीएसएफ जवानों ने दिया मुंहतोड़ जवाब

**जयपुर , 10 दिसम्बर 2022(ए)।** पाकिस्तानी आतंकवादियों की साजिशों को भारतीय सुरक्षा बलों द्वारा बार-बार नाकाम किए जाने के बाद भी पाकिस्तान लगातार सीजफायर का उल्लंघन कर रहा है। राजस्थान बॉर्डर पर सीजफायर उल्लंघन कर गोलीबारी करने का मामला फिर सामने आया है। जिसका भारतीय जवानों नें मुहतोड़ जवाब देकर पाकिस्तान के नापाक कोशिशों को नाकाम कर दिया। राजस्थान में श्रीगंगानगर के अनूपगढ़ सेक्टर में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सीमा सुरक्षा बल और पाक रेंजर्स के बीच गोलीबारी हुई। बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने बताया कि इस घटना में भारत की ओर किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।



उन्होंने बताया कि बीएसएफ ने सीमा पार के अपने समकक्षों के सामने विरोध दर्ज कराने का फैसला किया है और उसके लिए आज अनूपगढ़ सेक्टर में फ्लैग मीटिंग बुलायी है।
उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी रेंजर्स ने सबसे पहले अपराह्न दो बजे उन बीएसएफ जवानों पर 6-7 राउंड गोलीबारी की, जो 'किसान गार्ड' के रूप में सीमा बाड़ के आगे तैनात थे, जिसका उद्देश्य उनके क्षेत्र में खेतों में काम करने वाले पांच स्थानीय किसानों की सुरक्षा करना था।

### पाक रेंजर्स पर लगभग 18 राउंड गोलीबारी की

उन्होंने कहा कि जवाबी कार्रवाई में बीएसएफ किसान गार्ड दल ने पाक रेंजर्स पर लगभग 18 राउंड गोलीबारी की। प्रवक्ता ने बताया कि राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले के अनूपगढ़ सेक्टर में हुई इस घटना में बीएसएफ या किसानों को कोई हताहत नहीं हुआ है। अंतरराष्ट्रीय सीमा पर राजस्थान के मोर्चे पर दोनों देशों के सैनिकों के बीच गोलीबारी का यह बिरला मामला है। अंतरराष्ट्रीय सीमा रेखा गुजरात, पंजाब और जम्मू से भी गुजरती है।

## आपसी सहमति से तलाक की अर्जी दाखिल करने के लिए एक साल के अलगाव की शर्त असंवैधानिक:केरल हाईकोर्ट

**कोच्चि, 10 दिसम्बर 2022(ए)।** केरल हाईकोर्ट ने तलाक अधिनियम के तहत आपसी सहमति से तलाक की अर्जी दाखिल करने के लिए एक साल या इससे अधिक समय अलग रहने की शर्त को असंवैधानिक करार दिया है। अदालत ने कहा है कि यह शर्त मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। जस्टिस ए. मुहम्मद मुस्ताक और जस्टिस शोभा अन्नम्मा ऐपन की खंडपीठ ने केंद्र सरकार से विवाह से संबंधित विवादों में पति-पत्नी की भलाई सुनिश्चित करने के लिए भारत में एक समान विवाह संहिता लागू करने पर गंभीरता से विचार करने को कहा। खंडपीठ ने कहा कि कानून वैवाहिक संबंधों में




भलाई के संबंध में धर्म के आधार पर पक्षों को अलग करता है। इसने कहा कि एक धर्मनिरपेक्ष देश में कानूनी पितृसत्तात्मक दृष्टिकोण धर्म के बजाय नागरिकों की समान भलाई सुनिश्चित करने पर केंद्रित होना चाहिए। पीठ ने कहा, 'राज्य का ध्यान अपने नागरिकों के कल्याण और भलाई को बढ़ावा देने पर होना चाहिए। भलाई के समान उपायों की पहचान करने में धर्म के लिए कोई जगह नहीं है?
केरल उच्च न्यायालय ने यह आदेश एक युवा ईसाई दंपति द्वारा दायर याचिका पर दिया, जिसमें तलाक अधिनियम-1869 की धारा-10ए के तहत तय की गई अलगाव की न्यूनतम अवधि (एक साल) को मौलिक अधिकारों का उल्लंघन बताते हुए उसे चुनौती दी गई थी। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि धारा-10ए के तहत एक साल के अलगाव की न्यूनतम अवधि का निर्धारण मूलभूत सिद्धांतों का उल्लंघन है और इसे असंवैधानिक घोषित किया जाता है। उच्च न्यायालय ने परिवार अदालत को निर्देश दिया कि वह युगल द्वारा दायर तलाक याचिका को 2 सप्ताह के भीतर निपटाए तथा संबंधित पक्षों की और उपस्थिति पर जोर दिए बिना उनके तलाक को मंजूर करे।

## संपादकीय

### जरूरत सीख लेने की

दुनिया ब्रिटेन की बात इसलिए सुनी, क्योंकि उसने 1980 के दौर में खुद भी ज्यादातर सार्वजनिक सेवाओं का धुआंधार निजीकरण किया। यहां तक कि पानी का भी। अब ब्रिटेन के लोग उसकी महंगी कीमत चुका रहे हैं।
मार्गरेट थैचर के जमाने में ब्रिटेन ने सारी दुनिया को निजीकरण के फायदे बताए। दुनिया ने उसकी बात इसलिए सुनी, क्योंकि उसने 1980 के दौर में खुद भी ज्यादातर सार्वजनिक सेवाओं का धुआंधार निजीकरण किया। यहां तक कि पानी भी प्राइवेट कंपनियों को सौंप दिया गया। आज हाल यह है कि देश में 70 प्रतिशत से अधिक पानी पर इन्वेस्टमेंट फर्मों, प्राइवेट इक्विटी फर्मों, पेंशन फंड्स और टैक्स हैवेन्स से कारोबार करने वाले बिजनेस घरानों का मालिकाना कायम हो गया है। अखबार द गार्जियन के एक रिसर्च के मुताबिक ब्रिटेन के पानी पर दुनिया के बड़े इन्वेस्टमेंट फंड्स का मालिकाना बन गया है। ब्रिटेन की नौ प्रमुख और छह अपेक्षाकृत छोटी पानी और सीवेज कंपनियों में लगभग 100 अन्य कंपनियों की शेयरहोल्डिंग है। 17 देशों की इन कंपनियों का आज ब्रिटेन में वॉटर इंडस्ट्री के 72 प्रतिशत हिस्से पर नियंत्रण है। इस रिसर्च में वॉटर इंडस्ट्री के 82 फीसदी हिस्से को ही शामिल किया जा सका। इस रिसर्च की जरूरत इसलिए पड़ी कि आज ब्रिटिश उपभोक्ता पानी आपूर्ति में कई तरह की दिक्कतों का सामना कर रहे हैं। लोगों को इस समय पानी की कमी, सीवेज बहाव और पाइप लीक की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इसी कारण अब कई जन संगठनों ने वॉटर इंडस्ट्री को जवाबदेह बनाने की मांग उठाई है। आरोप है कि पानी के कारोबारी कारगर सेवा देने के लिए पर्याप्त निवेश नहीं कर रहे हैं। इसका खामियाजा लोगों को उठाना पड़ रहा है। साथ ही पर्यावरण भी प्रभावित हो रहा है। तीन दशक पहले जब पानी का निजीकरण किया गया, तब यह कहा गया था कि नई व्यवस्था में आम लोग जल प्रबंधन में भागीदार होंगे।

# मॉब लिंचिंग सामाजिक शांति को खतरा

भीड तंत्र द्वारा किया गया न्याय राज्य की विफलता है। जो कार्य राज्य की कार्यपालिका तथा न्यायपालिका द्वारा गुण दोष के आधार पर किया जाना चाहिए, आज उसे भीड़ तंत्र द्वारा किया जा रहा है, यह सार्वभौमिक अवधारणा है कि भीड़ को राजनीति और सत्ता मिलकर पैदा करते हैं, और यही सामूहिक लोगों की भीड़ राज्य के नियंत्रण से मुक्त होकर राज्य के अस्तित्व को चुनौती देने लगती है। और फिर सामने आती है माब लीचिंग।
वर्तमान समाज उपभोक्तावादी हो गया है,आजकल सहयोग तथा सहिष्णुता की भावना तथा समझ लगातार कम होते जा रही है। हम की संयुक्त भावनाओं के बजाए मैं की प्रवृत्ति सामने आने लगी है । और समाज व्यक्ति केंद्रित विकास की ओर अग्रसर हो कर समाज का एक बड़ा तबका विकास के पथ से बहुत पीछे छूट गया है। वस्तुतः एक तरफा वैश्वीकरण तथा साधनों के केंद्रीकरण के कारण गरीबी तथा बेरोजगारी खुलकर सामने आने लगी है। भारत के 10प्रतिशत लोगों के पास देश की 58प्रतिशत संपत्ति का स्वामित्व है। एवं देश की पूंजी का 70प्रतिशत भाग 1 प्रतिशत लोगों के अधिकार क्षेत्र में है ।यही कारण है कि भारत में भी फ्रांस एवं रूस की क्रांति जैसी स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। इस मामले में भारत में हर राज्य की भूमिका अलग-अलग तथा भिन्न भिन्न है। भारत की शिक्षा व्यवस्था भी भीड़ तंत्र को काफी प्रोत्साहित कर रही। बैचलर डिग्री तथा मास्टर डिग्री लेने के बाद डिग्री धारी लोग बेरोजगारी या अल्प रोजगार के कारण कुंठित हो रहे हैं। और यही कुंठा बेरोजगारी एवं गरीबी किसी भी घटना को भीड़ तंत्र की ओर खींचती है, फल स्वरूप मॉब लिंचिंग की अनेक घटनाएं सामने आने लगी हैं। दूसरी तरफ कानून का यह मानना है कि न्याय में विलंब न्याय को नकारना है। भारत की न्याय व्यवस्था अपने लंबित मुकदमों तथा प्रकरण के कारण एक तरह से अन्याय को ही जन्म देती है। किसी हत्यारे या बलात्कारी को सजा देने का समय तब आता है, जब आरोपी बहुत बुजुर्ग अथवा मर चुका होता है।



भीड़ तंत्र अस्थाई रूप से समान मूल्यों तथा भावनाओं की पहचान के साथ जुड़े अलग-अलग समूहों के लोगों का शामिल एक बड़ा समूह है। भीड़ की कोई अपनी आंख शक्ल नहीं होती एवं भीड़ की कोई पहचान भी नहीं होती है। इसके उद्देश्य तत्कालिक होते हैं, यह भी हो सकता है कि भीड़ में जो एक क्षण पहले नायक हुआ करता था, वह अगले ही पल उस समूह का पीड़ित व्यक्ति भी हो सकता है। इतिहास में इसके कई उदाहरण है जहां भीड़ ने अपने नेता को पद से हटाकर उसकी विनाश लीला ही रचा दी थी। फ्रांस का शासक रोबेस्पीयर इसका एक बहुत बड़ा उदाहरण है। और सिगमंड फ्रायड के अनुसार भीड़ में व्यक्ति अपने सारे मूल्य खोकर आदिम काल में पहुंच जाता है, और भीड़ में कोई धर्म नहीं रह जाता है। धर्म की स्वतंत्रता के अधिकार का स्पष्ट उल्लंघन कर किसी विशेष धर्म के लोगों को खानपान तथा व्यंजन के आधार पर कथित लोगों द्वारा किसी को भी निशाना बना कर उसकी हत्या कर दी जाती है, यह देश के लिए अत्यंत दुर्भाग्य जनक है। रही सही कसर सोशल मीडिया पूरा कर रहा है, फर्जी समाचार तथा राजनीतिक नियंत्रण के कारण सोशल मीडिया कई बार किसी विशेष वर्ग के द्वारा राजनीतिक संरक्षण में संचालित किया जा रहा है। लोकतंत्र का बहुत महत्वपूर्ण हिस्सा चौथा स्तंभ मीडिया भी जन जागरूकता के प्रचार प्रसार के बजाय घटनाओं को धर्म तथा वर्ग के आधार पर विशेष वर्ग के हितों को प्रचारित प्रसारित करता है, जो इस आदिम कॉल की व्यवस्था को पुष्पित पल्लवित करता है। भावनात्मक बुद्धिमत्ता का प्रयोग सामाजिक विकास न्याय के स्थान पर अन्याय प्रकृति की तरफ बढ़ता नजर आ रहा है। मॉब लिंचिंग के कारण समाज में आम हिंसा की घटनाएं बढ़ने लगी है,इससे समाज की संस्कृति को दीर्घकालिक क्षति होगी। इस तरह भीड़ तंत्र के द्वारा की गई हिंसक घटनाओं तथा हत्या से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की साख की गिरावट भी होती है, एवं आर्थिक क्षेत्र में निवेश पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। इसी तरह हिंसक घटनाओं से पलायन तथा संसाधनों के विकास पर बाधा पड़ने से सामाजिक तथा आर्थिक क्षमता को बढ़ावा मिलता है।
भारत में स्वतंत्रता संग्राम भी सामूहिक भीड़ के माध्यम से ही जीता था,फ्रांस तथा रूस में भी भीड़ द्वारा सकारात्मक भूमिका निभाकर अनैतिक तथा अवैधानिक शासन तंत्र को खत्म किया था। भीड़ तंत्र द्वारा ही करप्शन अगेंस्ट इंडिया चलाकर का भी कुछ सफलता प्राप्त की थी।पर इस भीड़ तंत्र के न्याय की नकारात्मक भूमिका आज की स्थिति में ज्यादा है। अतः हमें इसे प्रोत्साहित नहीं करना चाहिए। भीड़ तंत्र तथा मॉब लिंचिंग को एक घनघोर सामाजिक बुराई समझकर सामाजिक संगठनों नागरिकों एवं शासन तंत्र द्वारा एक अभियान चलाकर ऐसे लोगों को हतोत्साहित कर कठोर कानून बनाकर इसे नियंत्रित किया जाना चाहिए। तब जाकर भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था तथा प्रजातंत्र की आस्था जीवित रहेगी।



**संजीव ठाकुर,**
रायपुर छत्तीसगढ़

## हमेशा सुरक्षा के संग करो सफर



**रामेश्वर दास भान**
करनाल हरियाणा

सुरक्षा के संग करो सफ़र, ये कर्तव्य सबका हो,
सड़क सुरक्षा ही अपनी सुरक्षा का ध्येय सबका हो,
छोटे- छोटे बच्चों को ना देना साधन अपने चलाने को,
कुछ सब्र करो ए इन्सान, उम्र उसकी बढ़ जाने को,
शराब पीकर ना कभी बाईक,कार, ट्रक चलाना तुम,
हो जायेगी अनहोनी, उससे बचकर रहना तुम,
अपनी सावधानी में ही अपना व दूसरों का बचाव है,
नियम कायदों के साथ चलो, कहता ये संविधान है,
बिन मौत ही मर जाते दुर्घटना में, हजारों-लाखों लोग यहां,
सबक लेकर घर से निकलो, ए मेरे देश के लोग यहां,
सिर पर हैल्मेट बाईक पर, शीट बैल्ट का गाड़ी में रखो ध्यान,
मुसीबत पड़ने पर आएंगी,ये सब चीजें तेरे काम,
रफ़्तार देख कर रखो, कुछ निकला नहीं जाता है,
बेसब्री से जायेगी जान, हाथ फिर कुछ नहीं आता है,
यदि रूकना रास्ते पर साईड में साधन लगाओ तुम,
अपना भी रखो ख्याल दूसरे का भी ख्याल रख पाओ तुम,
सबको मिलकर इस दिशा में कदम से कदम बढ़ाना होगा,
कर स्वयं जान की रक्षा, दूसरों का जीवन भी बचाना होगा,

# धर्मः प्रेम संबधों में रुकावट

आए दिन ऑनर किलिंग के नाम पर होने वाली निर्दोष प्रेमी युगलों की हत्याएं कट्टरपंथी मानसिकता का ही नतीजा है। धर्म से उपजी घिसी-पिटी परंपराओं के नाम पर प्रेमी जोड़ों को मौत के घाट उतार देने वाले ऑनर किलिंग के मामले लगातार सामने आते रहते हैं अदालतों में भी ऑनर किलिंग के मामले में कड़ी प्रतिक्रियाएं देती रहती है लेकिन इसके बावजूद भी धर्म और जात पात के नाम पर होने वाले जघन्य अपराध कभी रुकने का नाम नहीं लेते हैं। धर्म सदा से प्रेमी जोड़ों के लिए दुश्मन बना रहा है हालांकि लोग प्रेम का किताबों, कविताओं, लेख में हमेशा प्रेम रस में डूबे हुए लेख लिखते हैं, लेकिन किसी को अपनी मर्जी से प्रेम करते धर्म के ठेकेदार नहीं देख सकते हैं और ऐसे प्रेम पर इतने भाषण देते हैं जैसे यह सभी प्रेम को सबसे ऊपर मानते हो। यदि किसी ने अपनी मर्जी से शादी ब्याह करने की कोशिश किया तो यह धर्म के ठेकेदार ही होते हैं जो उन्हें अलग करके खुश होते हैं। अक्सर वैलेंटाइन के दिन लोग धर्म और प्यार की ऐसी की तैसी करते हैं धर्म के ठेकेदार सड़ी-गली पुरानी संस्कृति को बचाने के नाम पर प्रेमी युगल के साथ सार्वजनिक रूप से अभद्र व्यवहार करते हैं उन्हें मारते पीटते हैं वह नहीं चाहते हैं कि आज की पीढ़ी बेमतलब की परंपराओं रिति-रिवाज को जात पात धर्म के आडंबर से बाहर निकल कर अपनी सोच को विकसित करें।
21वीं सदी का भारत कहा जाने वाला हमारा देश जहां पर इंसान को आज भी इतना बेवकूफ बनाया जा सकता है जिनमे जात, गोत्र, बिरादरी, वंश समुदाय के नाम पर सब कुछ कुर्बान करने को तैयार हो जाए। आश्चर्य तो इस बात का होता है आए दिन धर्म के नाम पर दलालों की काली करतूतें हम सुनते रहते हैं, लेकिन इसके बावजूद भी इनसे बचने की कोशिश नहीं करते। जात पात, गोत्र सब धर्म के ठेकेदारों की ही देन है जिनके नाम पर यह लोगों के टुकड़ों में बांट कर अपना उल्लू सीधा करते हैं। धर्म के नाम पर मारकाट आए दिन देखने को मिलती है जिसे सुनकर रोंगटे भी खड़े हो जाते हैं और आजकल इंसानियत नाम की चीज रह भी नहीं गई है। एक समय था जब प्रेम जात-पात और किसी प्रकार का कोई बंधन नहीं देखता था, लेकिन आजकल प्रेमी युगल ही एक दूसरे का कत्ल कर बैठते हैं। पहले लोग धर्म पर ही सवाल उठाते थे लेकिन आज की जो स्थिति है उसमें हम धर्म को ही हर जगह रुकावट नहीं समझ सकते हैं लेकिन फिर भी धर्म के नाम पर हमारे समाज में पुराने समय से जो वर्ण व्यवस्था चली आ रही है इस व्यवस्था के अंतर्गत समाज को 4 वर्गों में बांटा गया था ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र। जिसमें सभी वर्गों को अपने अपने हिसाब से कार्य करने के लिए नियुक्त किया गया, लेकिन आने वाली पीढ़ियां सदियों तक बैठे-बिठाए आराम से जीवन के सारे मजे ले सके इसमें पंडित मौलवी यह सारे आते हैं इनका कार्य लोगों के दिलों में धर्म व आस्था का प्रभाव बनाए रखना था, ताकि वे धर्म से विमुख होने का विचार भी ना कर सकें। लेकिन आज ये लोग धर्म के नाम पर आराम की रोटियां तोड़ रहे हैं व्यक्ति के जन्म से मृत्यु तक शादी, सगाई पारिवारिक व धार्मिक उत्सव त्योहार आदि हर अवसर पर किसी न किसी रूप में हर धर्म में धार्मिक गुरुओं की उपस्थिति जरूर होती है। शादी के समय लड़के लड़की की कुंडली मिलाने मुहूर्त निकलवाने कन्यादान वा फेरे करवाने आदि में धर्म गुरुओं को मोटी रकम दक्षिणा में मिलती है यदि धर्म प्यार के आड़े नहीं आएगा तो लोग बेखौफ होकर बिना जात-पात, गोत्र के आपस में बिना रिवाजों के शादी रचाने के लिए आजाद हो जाएंगे तब इन मुल्ले मौलवी, पंडितो का धंधा चौपट हो जाएगा इन्हें कोई पूछेगा नहीं इसलिए धर्म बीच में आया।



आजकल प्रेमी युगल बेखौफ होकर बिना जात पात के कोर्ट मैरिज कर लेते हैं या मंदिर में शादी कर लेते हैं यही कारण है कि आज की पीढ़ी के दिलों में धर्म पर विश्वास नहीं रहा इसलिए धर्म के ठेकेदारों की सेनाएं वैलेंटाइन डे वाले दिन इन प्रेमी युगलों के साथ अभद्र व्यवहार करती है उन्हें अपमानित करती है ताकि वह दोबारा प्रेम करने का दुस्साहस ना कर सके, क्योंकि इससे उनकी दुकानदारी को चपत लगने का डर रहता है क्योंकि यह विवाह करवाने में हजारों रुपए कमा लेते हैं। यदि युवक युवतियां अपनी मर्जी से शादी करने लगेंगे तो इनकी दान दक्षिणा रुक जाएगी!
हमारे समाज की नई पीढ़ी धर्म-कर्म के मामलों में उलझना नहीं चाहती है उन्हें एक अच्छी पत्नी या पति चुनने का पूर्ण अधिकार है और अपनी इच्छा से सही चुनाव करके विवाह बंधन में बँधना चाहते हैं, उन्हें एक खुले आसमान की जरूरत होती है जिसमें वह स्वयं की फैसले भी ले सके लेकिन कट्टरपंथियों को यह बर्दाश्त नहीं होता है। आज भी ऐसे कई गांव है जहां पर प्रेमी युगल को दूसरे धर्म में शादी करना पाप माना जाता है समय के साथ घिसे-पिटे रिवाजों को आज की पीढ़ी नहीं मानती है वे बाहरी आडंबरो और दिखावों पर विश्वास नहीं करती हैं। हमारा समाज सदियों से धर्म के जाल में इस कदर जकड़ा हुआ है कि इसके विपरीत लोग कुछ सोचने को राजी नहीं होते है। धर्म में हर चीज को हर समय सही माना जाता रहा है। इन बातों को करने से पाप मिलेगा या पुण्य मिलेगा यह धर्म में सिखा दिया जाता है और आस्था के नाम पर मोटी रकम वसूलना पंडित और मौलवियों का पसंदीदा कार्य होता है ये व्यक्तियों के मन मस्तिष्क में धर्म के प्रभाव को कम नहीं होने देना चाहते हैं यह लोग परंपराओं और रीति-रिवाजों में समाज को जकड़े रखते हैं। कुंडली मिलान में लड़कियों की किस्मत पर लिखे जाने वाली पोथी पढ़ा कर इसके समाधान के लिए लड़की के माता-पिता से मोटी रकम वसूलते हैं। कई जगह पर तो बर्बरता के साथ कई जगह पर प्रेमी युगलों की भी हत्या कर दी जाती है धर्म के नाम पर, हालांकि शहरों में कई जगह पर ऐसी सोच रखने वालों पर विरोध किया जाता है लेकिन घर के चारदीवारी के अंदर आज भी धर्म को लेकर रिश्ते बनाए जाते हैं और अपने से निचले स्तर की जातियों में शादी करना उचित नहीं समझते हैं।



**पूजा गुप्ता**
मिर्जापुर उत्तर प्रदेश

# छोटे-छोटे पलों में बड़े-बड़े लक्ष्य




जिन दिनों भारत में भगवान महावीर और गौतम बुद्ध धार्मिक सुधार को लेकर अपने नए विचार रख रहे थे। उन्हीं दिनों चीन में भी एक सुधारक का जन्म हुआ, जिनका नाम कंफ्यूशियस था। उस समय चीन में झोऊ राजवंश का शासन चल रहा था। समय के साथ झोऊ राजवंश के कमजोर पड़ने के कारण चीन में बहुत से राज्य कायम हो गए, जो हमेशा आपस में लड़ते रहते थे। ऐसे समय में कंफ्यूशियस ने चीन के नागरिकों को नैतिकता का पाठ पढ़ाया। उनका जीवन बहुत ही साधारण था। कन्फ्यूशियस पशुओं को घास डालते हुए जब जीवन के कारण सिद्धांतों पर सोचते रहते, तो किसी को उन पर यकीन नहीं होता था कि यह शख्स एक दिन उनका जीवन बदल देगा। 27 साल तक मजदूरी करने के बाद जब उन्होंने 8 बच्चों को पढ़ाना शुरू किया तो भी यह फिजूल ही नजर आया।
37 साल की उम्र में उन्होंने चीन की परंपरागत किताबों को खंगालने के बाद एक सिद्धांत सामने रखा। ईश्वर राज्य और जनता का सिद्धांत, जिसके सामने सब झुक गए। उन्होंने कहा, मैं सत्याभास को सत्य से, जौ को गेहूं से, मीठी जुबान को अच्छाई से और कड़वे वचन को ईमानदारी से अलग मांगता हूं, तभी सही न्याय कर पाता हूं। ऐसी मान्यता है कि एक विचारक बिल्कुल अलग तरह की जिंदगी जीता है, जबकि कन्फ्यूशियस ने इसी चीज को बदला। जब उनसे पशुओं को चारा देने को कहा जाता था, तो वह उसमें अपने तरीके से दर्शन ढूंढ लेते। दिन-रात घर लौटने पर जब उनके सामने से खाने की प्लेट हटा ली जाती तो, वे उसमें भी दूसरों के हक की बात सोच लेते थे। सचमुच महान व्यक्ति छोटी चीजों में बड़ी चीजें खोज लेता है। अभिभूत हमें भी छोटे-छोटे पलों में बड़े-बड़े लक्ष्यों को ढूंढकर उन्हें साकार करने की पहल हर हाल में करना चाहिए।



**हेमेन्द्र क्षीरसागर**
बालाघाट मध्यप्रदेश


## चढ़ेगा रफ्ता रफ्ता



**पुष्पा स्वाती**
मुम्बई

चढ़ेगा रफ़्ता रफ़्ता, ये रंग ए मोहब्बत है।
हो जाएगी मेहरबां, एक रोज ये रहमत है।
घबरा न शब ए ग़म से, सहर का इंतज़ार कर,
सज जाएगी लबों पे, तबस्सुम ये हसरत है।
गुज़र के भी गुज़रा नहीं, मंज़र वो गुज़िश्ता,
होने लगा है रुह में, बसर वो ज़ियारत है।
खुशियां हों या ग़म हो, एहसास नहीं होता,
यादों के तेरे घेरे में, दिल जब समाअत है।
जब दर्द जगाया धड़कन ने, नाम तुम्हारा ले के,
आंसू मोती माला बन के, करते इबादत है।
बिनतेरे सूना जहां, खामोश है हर शै,
आवाज बस तेरी फ़िज़ा में, गूंजे ज्यूं आयत है।

## तुम्हारे रंग चुने



**प्रियंका अग्निहोत्री गीत**
वाराणसी उत्तरप्रदेश

हाथों को थामे चलना है
हमें चाहतों में पलना है
साथ साथ एक दूजे के
गिरना और सम्भलना है
तुम्हारे रंग चुने मैंने सदा
बस तुम्हारे रंग ढलना है
मुश्किल हों गर रास्ते तो
हिम्मत धरे निकलना है
बनने चले हैं कुंदन हम
हमें शोलों में जलना है
जो गीत नागवार हों
उन गीतों को बदलना है

## चाहत का सिलसिला



**ओमप्रकाश बिन्जवे राजसागर**
भोपाल,मध्यप्रदेश

तुम जिंदगी में शामिल रहो,
चाहे निगाहों का फासला हो ।
मध्यम मध्यम चांदनी में,
फिर चाहत का सिलसिला हो ।
एक दिन दौरे सितम बदलेगा,
गुल खिलेंगे मौसम बदलेगा,
सनम तुम न रुठना कभी,
चाहे बेदर्द जमाने को गिला हो ।
फिर चाहत का सिलसिला हो ।
चाहे निगाहों का फासला हो ।
तुम्हारी जुल्फों का सहारा मिले,
डूबती कश्ती को किनारा मिले,
गम नहीं आंधियों का बस,
तुम्हारे प्यार का होसला हो ।
फिर चाहत का सिलसिला हो ।
चाहे निगाहों का फासला हो ।
फूलों को चाहा चाहत का जाम पिया,
इन आंखों का एहतराम किया,
सनम हम साथ साथ रहेंगे,
चाहे आंधियां हों कि जलजला हो ।
फिर चाहत का सिलसिला हो ।
चाहे निगाहों का फासला हो ।

## सावन



**आशीष शर्मा अमृत**
जयपुर, राजस्थान

बन कर मौसम तू सावन के जैसा
सभी के अंतर्मन को शीतल कर दे
जो आये तो महका दे इस धरा को
सभी का मन जैसे हरीतिमा कर दे
जो बन जाये अगर तू सावन जैसा
जहाँ रखे कदम, खुशहाली कर दे
तेरा हुनर आज सभी लोग देखेंगे
जब बिन बादल तू बरसात कर दे
मिलता ये हुनर किस्मत वालों को
तुझे मिला,तो एक एहसान कर दे
बरसा दे अब मुहब्बत का सावन
इश्क़ का जहाँ फिर हरा भरा कर दे

# गरीबों की पहचान

एक समय की बात है । कि एक छोटे से गांव में रामू नाम का व्यक्ति रहता था । वह बहुत गरीब था । वह अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए दिन रात मेहनत करता । और उससे जो चार पैसे मिलते वह अपने बच्चों की किताबे व कॉपी लाता । और फीस जमा कर देता था । उसके मन की अभिलाषा थी। कि मेरे बच्चे इस दुनिया में कुछ कर दिखाए ।
रामू गांव के मुखिया के वहां काम पर जाता । और भैंसों के लिए चारा फट्टा लाता । उसी से अपना और अपने बच्चों का गुजारा करता । और अपने परिवार का खर्च उठाता था ।
एक बार उसे काम पर जाने में देर हो गई । वह मुखिया के वहां देर में पहुंचा तो उसे मुखिया ने खरी-खोटी सुनाई रामू सुनता गया । और मन ही मन सोचता गया । ÷वह रे गरीबी÷ और मुखिया से कहने लगा। साहब अब कभी देर नहीं होगी। रामू रोज सुबह घर से जल्दी निकल लेता था और मुखिया के वहां पहुंच जाता था। उसके बाद वह चारा लाता भैंसों को नहलाता लाता था । 10 भैंसो की सेवा अकेला रामू ही करता था । वह परेशान हो जाता था । तो चनि के किनारे नीम के पेड़ के पास बैठ जाता था । एक बार उसे मुखिया ने देख लिया । तो कहा क्यो रे रुपए हराम के देता हूँ क्या । उठो और खेत से चारा लाओ बेचारा रामू खेत पर चला गया । शाम को 8 बजे घर आया तो रात को सोते समय उसके मन में यही ख्याल आता था। कि ÷वह रे गरीबी ÷ तू मुझसे क्या क्या करवाएगी। सुबह होते ही वह काम के लिए निकल गया । शाम को फिर जब घर आता है। तो उसकी तबीयत खराब हो गई उसे डॉक्टर ने काम करने के लिए मना किया ।और कहा तुम्हे आराम की जरूरत है । तो वो काम पर नहीं गया तो मुखिया ने उसकी जगह पर दूसरे व्यक्ति को नौकरी पर रख लिया । जब यह बात रामू को पता चली तो मुखिया के वहां गया। और मुखिया साहब के पैरों पर गिर कर कहने लगा । मुखिया साहब मुझे मत निकालो । मुझे मत निकालो मैं कहां जाऊंगा । मेरे बेटे कैसे पढ़ाई कर पाएंगे , साहब मुझ गरीब का तुम्हारे बिना कोई नहीं है । मुझे मत निकालो पर मुखिया ने उसकी एक भी नहीं मानी और रामू उदास मन से घर वापस आ गया । तो रामू की पत्नी ने रामू से पूछा क्यों आज उदास क्यों हो क्या हुआ । आज जल्दी घर वापस आ गए। तब रामू ने अपनी पत्नी को पूरा हाल बताया । अब दोनों परेशान हो गए । रामू की पत्नी ने कहा कि बच्चों की पढ़ाई कैसे होगी । तो रामू ने कहा कुछ तो करना पड़ेगा ही । वरना मेरे बच्चों से लगी मेरी आशा टूट जाएगी
वह अपने परिवार की जीविका चलाने के लिए जंगल के किनारे नदी में पड़ी नाव के मालिक के पास गया। और बोला साहब मुझे भी कोई काम दे दो । तो मालिक ने कहा नाव चलानी आती है । तो रामू ने कहा हां मालिक आती है । मालिक मुझे लगा लो आप जो तनख्वाह दोगे मैं उतने में ही गुजारा कर लूंगा । नाव का मालिक भी गरीबी से गुजर चुका था । उसे पता था । कि गरीबों के पास वह धन होता है । वह बल होता है । जिसे कोई कभी भी नहीं खरीद सकता । क्योंकि सबसे ज्यादा सम्मान देना गरीब ही जानते हैं । रामू का बड़ा बेटा श्यामू रोज सुबह स्कूल जाता लेकिन उसे यह नहीं पता था कि पिताजी नाव चलाते हैं । वह स्कूल से वापस आ रहा था । तब तक उससे मुखिया साहब की मुलाकात हो जाती है । तो मुखिया साहब ने श्यामू से पूछा क्यों रे तेरा पिता कहां है! श्यामू चौक गया । उसने कहा साहब पिताजी तो आपके वहां काम करने आते हैं, रोज मालिक ने कहा वह अब यहां नहीं आता है। श्यामू घर जाते ही अपनी मां से कहता है। मां पिताजी अब कहां काम करते हैं । तो माँ ने कहा कि 1 दिन काम पर ना पहुंचने से मुखिया साहब ने तुम्हारे पिता को काम से हटा दिया था । अब वह नाव चलाने जाते हैं । बेटे की आंख में आंसू आ जाते हैं सोचने लगता है कि मैं क्या करूं जिससे अपने माता-पिता के के दुखों को दूर कर सकूं यही सोचते-सोचते सो गया । सुबह स्कूल गया । स्कूल में भी मास्टर साहब गरीबी की चर्चा कर रहे थे । गरीबी का नाम सुनकर श्यामू ने अपना ध्यान केंद्रित किया ।और मास्टर जी द्वारा दी जा रही चर्चाओं को सुनता गया । मास्टर साहब ने बताया कि गरीबों के पास वह धन होता है । कि आमिर उसे कभी भी नहीं खरीद सकता श्यामू ने कहा गुरुजी ÷वह कौन सा धन है ÷ जिसे अमीर नहीं खरीद सकता है । तो मास्टर जी ने बताया।
जानना ही चाहते हो तो सुनो -गरीबों के पास प्रेम ,सम्मान , व अच्छा व्यवहार होता है। वह हमेशा अपने से बड़े व्यक्ति को कभी जवाब नहीं देते । पर जब उन्हें सताया जाता है । तो ऐसा रूप धारण कर लेते हैं । कि ÷लोहे की औकात क्या जो उसका सामना कर सके ÷
श्यामू मेहनत करता गया उसे सरकारी नौकरी मिल गई .
जब यह बात मुखिया को पता चली तो वह भी उसके घर गए क्योंकि गांव में कोई सरकारी नौकर नहीं था । जब यह बात मुखिया को पता चला कि रामू किसी दूसरे के वहां काम पर भी जाता है । तो उससे मिलने उसके घर गए ।
रामू खाना खा रहा था ।
मुखिया साहब रामू के घर पहुंचते ही द्वार से खड़े होकर आवाज दी क्यों रे रमुवा कहां है । रामू ने आवाज पहचान ली । और खाना छोड़कर भागता हुआ द्वार पर आया । और मुखिया साहब को देखकर वह चकित हो गया । और उनके पैरों पर गिर गया बोला साहब आप मेरे घर क्या काम है । साहब यह सब उसका बेटा देख रहा था। वह प्रबल बुद्धि का था उसने जब पिताजी को मुखिया के पैरों पर गिरा देखकर मुखिया के सामने पिता से कहता है । पिताजी यह बड़े लोग ।गरीबों का सम्मान नहीं करते हैं। इनके पैरों पर गिरने से कोई फायदा नहीं कोई माने में उसने सही ही कहा है। अगर हम अमीरों की जगह किसी गरीब व्यक्ति के पैरों पर गिर जाए। तो वह रात को सोते वक्त एक बार जरूर सोचेगा कि क्या है । मुझमें जो उसने मेरे पैर छुए पर अमीर तो हाथ भी नहीं रखते हैं । अमीर भूल रहे हैं अगर गरीब मेहनत करके अनाज ना पैदा करें तो अमीर मर जाएंगे । क्योंकि हम गरीबों की बदौलत अमीर जिंदा है । श्यामू की इतनी बातें सुनकर उसके पिता ने उसे डांटा और कहा शांत हो जाओ आज जो भी है सब इन्ही की ही देन है । हमें नहीं भूलना चाहिए कि द्वार पर आए हुए दुश्मनों का भी स्वागत करना चाहिए लेकिन ये तो हमारे मुखिया साहब हैं । इतनी बातें सुनते ही मुखिया जी की आंख में आंसू भर आये और कहने लगे रामू आज तुमने बता दिया कि गरीब कितने बड़े दिल वाले होते हैं । उनके साथ चाहे जैसा बर्ताव करो फिर भी उन लोगों के दिल में वही प्यार वही सहनशीलता रहती है । वही प्यार स्नेह भाव रहता है । मुखिया ने रामू से कहा तुम वहां नाव चलाने जाते हो कल से मेरे वहां काम पर आ जाना ।
तो रामू कहता है - क्या करूं मालिक
उदर निमित बहु कृति वेषा
पेट भरने के लिए अनेक रूप धारण करने पड़ते हैं ।
रामू नाव मालिक को धोखा देकर जाना नहीं चाहता था । उसने मुखिया साहब से साफ इनकार कर दिया ।
मुखिया साहब सिर नीचे करके वापस लौट गए ।
इस कहानी से हमें यह शिक्षा मिलती है ।
कि गरीबों के प्रति अमीरों को कभी भी घृणा नहीं करनी चाहिए। क्योंकि वक्त पर गरीब ही काम आते हैं। रहीम दास ने कहा है ।
रहिमन देखि बड़ेन को, लघु न दीजिए डारि
जहां काम आवे सुई, कहा करे तरवारि ÷
अर्थ ־ रहीम कहते हैं कि बड़ी वस्तु को देख कर छोटी वस्तु को फेंक नहीं देना चाहिए. जहां छोटी सी सुई काम आती है, वहां बड़ी तलवार काम नहीं आती ।



**संजय कुमार श्रीवास्तव**
लखीमपुर खीरी उत्तर प्रदेश

## मोर किसनहा बेटा तय मयारू होगे रे



**प्रमेशदीप मानिकपुरी**
धमतरी छत्तीसगढ़

मोर किसनहा बेटा तय मयारू होगे रे
संग-संग चलाईया तय जुझारू होगे रे
मीत मितान अउ तही संगवारी होगे रे
मोर किसनहा बेटा तय मयारू होगे रे
चैतु,बैसाखु अउ मंगलू के संगवारी
जियत-भर ले करले मया के चिन्हारी
खांध जोर के जुझईया समारी होगे रे
मोर किसनहा बेटा तय मयारू होगे रे
तही उपजाथस अन्न धरती के कोरा म
मुठ लेके बैठे रथस पानी के अगोरा म
मया बगरैया तही हर फुलवारी होगे रे
मोर किसनहा बेटा तय मयारू होगे रे
सेवा करके भुईया के भाग जगाथस
खेतखार म मया के ददरिया गाथस
तय बेटा भुईया तोर महतारी होगे रे
मोर किसनहा बेटा तय मयारू होगे रे
ईमान अउ धरम करम ले पहिचान हे
छत्तीसगढ़िया मन के इही हर शान हे
भुईया बर जान देवइया सेनानी होगे रे
मोर किसनहा बेटा तय मयारू होगे रे

## मत करिये उपहास



**प्रियंका सौरभ**
हिसार हरियाणा

अपना बोया ही मिले,
या कांटें या घास।
बे-मतलब ना बोलिये,
मत करिये उपहास।
मत करिये उपहास,
किसी का जान-बूझकर।
निकले हर इक शब्द,
अंतर्मन से पूछकर ।।
सुन 'सौरभ' की बात,
किसी पर न तंज कसना।
औरों-सा खुद मान,
ले हर इक बने अपना।।
पाकर तुमको है मिली,
मुझको ख़ुशी अपार ।
होती है क्या ज़िन्दगी,
देखा रूप साकार ।
देखा रूप साकार,
देखूँ क्या अब मैं अन्य ।
तेरा सुन्दर रूप,परी
पाकर हुई धन्य ।।
सुन 'सौरभ' की बात,
मिले क्या मन्दिर जाकर।
मुझको तो है सब मिला,
साथ तुम्हारा पाकर ।।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने जिले की सड़कों पर भ्रमण करेगी पुलिस महिला गश्ती दल

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 10 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

सरगुजा जिले की सड़कों पर अब पुलिस की महिला गश्त भी सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार भ्रमण करेगी।

आईजी राम गोपाल गर्ग व पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निदेश पर छात्र-छात्राओं एवं महिलाओं को सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण का एहसास दिलाने के उद्देश्य से 12 सदस्यीय महिला गश्ती दल का गठन किया गया है। जिसमें 1 उप निरीक्षक, 1 प्रधान आरक्षक, 10 महिला आरक्षक ड्यूटी में तैनात रहेंगी। शनिवार को पुलिस लाइन अम्बिकापुर से महिला पुलिसकर्मियों की गश्ती दल को पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान महिला जागरूकता



एवं महिलाओं के विरुद्ध हो रहे अपराधों की रोकथाम के लिए महिला पेट्रोलिंग टीम का गठन करना एवं महिला अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु टीम को हर जरूरतमंद महिला तक सरगुजा पुलिस की सेवाएं प्रदान करने हेतु गश्ती दल को निर्देशित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, नगर पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अखिलेश कौशिक, यातायात उप पुलिस अधीक्षक कामता सिंह दीवान, यातायात प्रभारी जयराम चेरमाको, महिला थाना प्रभारी दुर्गेश्वरी चौबे, कंट्रोल रूम प्रभारी अंजू चेलक, सहायक उप निरीक्षक शंकर कश्यप एवं पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे।

### महिला गश्ती दल आधुनिक संसाधनों से रहेंगी लैस

महिला गश्ती दल आधुनिक संसाधनों से लैस होकर शहर के भीड़भाड़ वाले जगहों पर, स्कूल कॉलेजों, चौपाटी आदि स्थानों पर लगातार भ्रमण कर आम नागरिकों को महिला सुरक्षा के बारे में जागरूक करेंगीं। साथ ही किसी आपत्कालीन स्तिथि में एवं किसी अन्य दूसरी घटना के रोकथाम में भी अपनी सेवाएं प्रदान करेंगीं, किसी भी अप्रिय स्तिथि में महिला गश्ती दल को बॉडी कैमरा के माध्यम से उदंडता करने वालों की पहचान कर विधिवत कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया है। महिला गश्ती दल के साथ त्वरित कार्रवाई हेतु थाने की पेट्रोलिंग वाहन भी गश्ती दल के साथ रहेंगे। आमनागरिक महिला गश्ती दल की आवश्यकता महसूस होने पर डायल 112 एवं अभिव्यक्ति ऐप के माध्यम से अपनी सूचना दर्ज करा सकते हैं।

# बीड़ी नहीं देने पर रिक्शा चालक के सिर पर रॉड से जानलेवा हमला

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 10 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

बीड़ी नहीं दिया तो एक युवक ने रिक्श चालक के सिर पर रॉड से जानलेवा हमला कर दिया। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। उसे गंभीर स्थिति में इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार काया राम उम्र 55 वर्ष कोतवाली क्षेत्र के



ग्राम परसा का रहने वाला है। वह प्रति दिन घर से अंबिकापुर आकर रिक्शा चलाने का काम करता है। 8 दिसंबर की सुबह वह रिक्शा चलाने अंबिकापुर आया था। वह पूरी रात घर वापस नहीं लौटा। उसे नहीं लौटने पर परिजन भी घर में परेशान थे। 9 दिसंबर की अहले सुबह 5 बजे वह घायल अवस्था में घर पहुंचा और बेहोश हो गया। वह खून से लतपथ था। परिजन ने डायल 112 को सूचना दी। मौके पर पहुंची डायल 112 की टीम ने काया राम को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। उसका इलाज आईसीयू में चल रहा है। इलाज के बाद होश में आने पर परिजन मामले की जानकारी कोतवाली में की। सूचना पर कोतवाली पुलिस अस्पताल पहुंच कर पीड़ित का बयान दर्ज किया तो पता चला कि काया राम घटना दिवस बौरीपारा में शराब पीने गया था। वहीं पर एक व्यक्ति उसे बीड़ी मांगा। नहीं देने पर उससे विवाद करने लगा और रॉड से काया राम के सिर पर जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।



# सड़क में बिना निर्धारित मापदंडों से बन रही हैं नालियां लोक निर्माण विभाग करा रहा है घटिया निर्माण



- सोनू कश्यप -
प्रतापपुर , 10 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

नगर पंचायत प्रतापपुर के अंतर्गत प्रतापपुर भैयाथान मार्ग मे बन रही सीसी नाली में इन दिनों निर्माण एजेंसी के कर्मचारी निर्धारित मापदंडों के अनुरूप काम नहीं कर रहे हैं। हालत यह है कि सीसी नाली में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, बावजूद इसके अफसर इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। अफसरों की अनदेखी के कारण ही निर्माण एजेंसी मनमानी करने पर उतारू हो रही है। सीसी नाली में लोकल सीमेंट का इस्तेमाल किया जा रहा है। ठेकेदार की मिलीभगत से दुकानदार नाली में ऐंगल लगाकर टीनशेड लगाकर नाली के खुदाई के फौरन बाद मिट्टी को बराबर ना करके डायरेक्ट ढलाई की जा रही है। नागरिकों का कहना है कि नाली में सीमेंट, गिट्टी, रेत में तय मापदंडों का पालन नहीं किया जा रहा है। वही लोक निर्माण विभाग के बिना

### इंजीनियरों की देखरेख में कार्य

लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए गए कार्य में इंजीनियर की उपस्थिति नहीं है मनमाने ढंग से ठेकेदार द्वारा सड़क के बगल में ही नाली बनाया जा रहा है साथ ही लोगों ने यह भी आरोप लगाए है कि ठेकेदार द्वारा मनमर्जी से कही ज्यादा जगह ली जा रही है तो कही कम जगह में नाली निर्माण किया जा रहा है। नागरिकों ने प्रशासन से गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराने की मांग की है।

### रात के अंधेरे में हो रही है ढलाई

लोक निर्माण विभाग द्वारा मनाया जा रहे नाली निर्माण में कार्य का अंदाजा इसे ही लगाया जा सकता है कि ठेकेदार के द्वारा रात के अंधेरे में ढलाई कर दी जा रही है किसी नाली में इस्तेमाल किए जाने वाला सरिया भी लोकल कंपनी का है

### भडके जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि - शिव भजन मराबी

घटिया निर्माण को लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिव भजन मराबी ठेकेदार व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों पर जमकर भड़के उन्होंने कहा कि जिस भी ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है गुणवत्ता युक्त और अच्छे से कार्य कराया जाए कार्य में गुणवत्ता नहीं होने पर जिला पंचायत के सामान्य सभा में उठाया जाएगा काम सही नहीं होने पर मुख्यमंत्री तक इसकी शिकायत की जाएगी इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर सुधीर बड़ा से संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन उनके द्वारा कॉल रिसीव नहीं करने पर संपर्क नहीं हो पाया।

# चोरी के दो अलग-अलग मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 10 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

दो अलग-अलग चोरी के मामले में गांधीनगर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शहर के नावापारा निवासी एक व्यक्ति ने गांधीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि किसी अज्ञात चोर द्वारा घर में रखे दो नग गैस सिलेंडर व लोहे का सामान चोरी कर लिया गया है। वहीं गांधीनगर थाना क्षेत्र के ग्राम चिखलाडीह निवासी ने भी रिपोर्ट दर्ज कराया था कि मेरे घर से तीन बोरी धान एवं अन्य सामान चोरी कर लिया गया है। पुलिस ने दोनों मामले में अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही थी। इसी बीच गांधीनगर थाना प्रभारी कलीम खान को मुखबिर से जानकारी मिलने पर गंगापुर निवासी विरेन्द्र सोनी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो वह नवापारा में चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिसने इसके कब्जे से चोरी की सामान जब्त किया है। वहीं ग्राम चिखलाडीह निवासी संतोष यादव को हिरासत में लेकर पुलिस ने पूछताछ की तो वह गांव में ही एक व्यक्ति के घर से धान व अन्य सामान चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर इनके खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दी है।

# बदमाशों ने चाकू से किया युवक पर जानलेवा हमला,अस्पताल में भर्ती

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 10 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।



बदमाशों ने 8 दिसंबर की रात को लूटपाट करने के दौरान एक मजदूर पर चाकू व ईंट से हमला कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार रामचन्द्र सिंह उम्र 23 वर्ष चांदनी बिहारपुर का रहने वाला है। वह अंबिकापुर महामाया मंदिर के आसपास किराए के मकान में रहकर मजदूरी का काम करता है। 8 दिसंबर की रात को वह मजदूरी कर वापस अपने किराए के घर लौट रहा था। तभी रास्ते में घर कुछ दूरी पर पटवारी कार्यालय के पास चार से पांच लोग खड़े थे। इस दौरान एक बदमाश ने उसे बुलाकर पूछा की तुम बाहर के रहने वाले व्यक्ति इतने रात को कहां घुम रहे हो। इस दौरान बदमाशों ने उसकी जेब की तलाशी लेनी शुरू कर दी। जेब में कुछ नहीं मिलने पर बदमाशों ने उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। इस दौरान एक व्यक्ति ने चाकू से उके पेट में तीन से चार बार हमला कर दिया। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद सभी वहां से भाग गए। पीड़ित युवक किसी तरह अस्पताल पहुंचा। उसका इलाज चल रहा है।

# सीनियर सिटीजन फोरम ने सेवा भारती बनवासी बालिका छात्रावास में वितरण किये गर्म कपड़े

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 10 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

सीनियर सिटीजन फोरम फॉर सिविल राइट्स अंबिकापुर द्वारा 8 दिसंबर को अपने नियमित सामाजिक कार्यों के अनुरूप स्थानीय शिशु मंदिर स्कूल में अध्यनरत एवं सेवा भारती वनवासी बालिका छात्रावास में निवासरत कक्षा छठवीं से 12वीं की 45 बालिकाओं को स्कूली ड्रेस स्वेटर एवं मोजे दिए गए , साथ ही सेवा भारती द्वारा संचालित मातृछाया की बहनों सहित 10 सेवादार बहनों को भी वूलन स्वेटर प्रदाय किया गया।



छात्रावास हाल में सुचारू रूप से सभी कार्यक्रम आयोजित किए गए , इस अवसर पर छात्रावास तथा मातृछाया की कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारी एवं सलाहकार मंडल के सभी सदस्य स्टॉफ उपस्थित रहे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बहन मीरा साहू प्राचार्य सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंबिकापुर ने अपने आशीर्वचन में जहां छात्रावास प्रबंधन की तारीफ की वहीं उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों के फोरम द्वारा किए जा रहे ऐसे सामाजिक कार्यों की जमकर तारीफ की , उन्होंने इन बच्चियों में भारतीय संस्कृति तथा नित्य जीवन की समस्त विधाओं के ज्ञान एवं अपने जीवन में अमल लाने तथा समाज में प्रचार-प्रसार हेतु इन स्कूली छात्राओं को माध्यम बनाने पर जोर दिया फोरम के अध्यक्ष श्री विष्णु प्रताप अग्रवाल जी ने फोरम द्वारा संचालित कार्यों की जानकारी दी एवं बच्चियों को आशीर्वाद देते हुए उन्हें लगन से पढ़ने तथा शिक्षा में कोई अड़चन , परेशानी आने पर भरपूर सहयोग करने का आश्वासन दिया कार्यक्रम की शुरुआत अतिथि द्वारा मां सरस्वती एवं भारत माता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया इस अवसर पर प्यारी प्यारी बच्चियों के द्वारा दीपगान किया तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत श्रीफल से किया गया बैठक में सेवा भारती के संरक्षक श्री आईबी तिवारी जी जो सीनियर सिटीजन फोरम के सचिव भी हैं ने फोरम के अध्यक्ष उनके साथ आए फोरम के ओमप्रकाश केडिया , भरत सोनी , राम चंद्र अग्रवाल , अरविंद सिंघानिया , संरक्षक महेंद्र सिंह बग्गा के साथ फोरम के सभी सदस्य एवं पदाधिकारियों को साधुवाद देते हुए सब का आभार व्यक्त किया छात्रावास की नायक गीता ने आभार व्यक्त किया इस दौरान फोरम ने सभी उपस्थित सहभागियों हेतु स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई थी।

मातृछाया के अध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल , उपाध्यक्ष किरण अग्रवाल , कोषाध्यक्ष सतपाल अरोरा जी छात्रावास की अध्यक्ष ज्योति द्विवेदी ने आयोजन की सराहना करते हुए फोरम को साधुवाद दिया एवं आभार व्यक्त किया।

# अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर किया गया परिचर्चा

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 10 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

राजीव गाँधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अम्बिकापुर के विधि विभाग में अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर वर्तमान समय में मानवाधिकार के समक्ष चुनौतियाँ विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्यवक्ता के रुप में हरिशंकर त्रिपाठी, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं विशिष्ट अतिथि के रुप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.एस. अग्रवाल उपस्थित रहे।






विधि विभाग के सहायक प्राध्यापक माधवेंद्र तिवारी ने अतिथियों का स्वागत किया तथा विषय प्रवर्तन करते हुए मानवाधिकारों की उत्पत्ति तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उसके महत्त्व पर प्रकाश डाला। प्राचार्य महोदय ने अपने उद्बोधन में मानवाधिकारों के संरक्षण में विधि के विद्यार्थियों एवं अधिवक्ताओं की महत्त्वपूर्ण भूमिका को समझाया।

कार्यक्रम के मुख्यवक्ता हरिशंकर त्रिपाठी ने वर्तमान परिप्रेक्ष्य में मानवाधिकारों के संरक्षण की आवश्यकता एवं उसके संरक्षण में आ रही चुनौतियों को विस्तृत रुप से प्रस्तुत किया। जिसपर छात्रों पीयूष कुमार त्रिपाठी, अमित पाण्डेय, नान सिंह सहित अन्य छात्रों के द्वारा पूछे गए विषय प्रश्नों का उत्तर मुख्यवक्ता द्वारा देकर उनकी जिज्ञासा को शान्त किया गया।

कार्यक्रम में विधि विभाग की शिक्षक सुश्री पूनम सोनवानी, डॉ. नईमा क़मर, उपस्थित रहीं।

डॉक्टर मिलेन्द्र सिंह ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा कार्यक्रम संचालन श्री पंकज अहिरवार ने किया।


विधि विभाग के विद्यार्थियों निराला, आशीष, प्रवीण कुमार, एखलाक, अमनप्रीत कौर, जिया जुनेजा, गौतम गुप्ता, अभिजीत साहू, अंशुमान, कश्मीर, प्रिन्स, आकाश, गुप्तेश्वर द्वारा वर्तमान परिप्रेक्ष्य में मानवाधिकारों के संरक्षण विषय पर अपने विचार रखे। मानवाधिकारों से सम्बन्धित विषयों पर विधि विभाग व एन.सी.सी. के छात्रों लीलावती, रश्मि, नीतू, रामप्रताप, पारुल विश्वकर्मा, अन्नपूर्णा, आस्था, श्वेता, श्रुति, रेशमी, अर्चना, निधि, योगेन्द्र, राहुल, रामप्रकाश, विक्की, इंद्रजीत, ललित, नन्दकुमार, सुमन बिश्वास, प्रीतिका खालखो, पूजा राजवाड़े, नगमा, निकिता, खुशबू, ऋषिका, दीपा, बेलापति, गीता, चम्पा, सुमित्रा, रूचि, प्रियंका, खुशबू, किरण, राधिका, नेहा, ज्योति द्वारा रंगोली भी बनाई गई, जिसका अवलोकन अतिथियों द्वारा कर उसकी प्रशंसा की गई।

# शी जिनपिंग के लिए इस तरह पलक-पांवड़े क्यों बिछा दिए सऊदी अरब ने ?

**जेद्दाह , 10 दिसम्बर 2022।** सऊदी अरब यात्रा पर आए चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग का उस दर्जे का स्वागत हुआ है, जैसा पहले सिर्फ अमेरिकी राष्ट्रपति का यहां होता था। शी जिनपिंग के लिए यहां बैंगनी कालीन बिछाई गई। सऊदी परंपरा में इस रंग का खास महत्त्व होता है। इसके अलावा उन्हें सबसे ऊंचे स्तर की सलामी दी गई।

सऊदी यात्रा के दौरान शी जिनपिंग के दो खास सम्मेलनों में भाग लेने का कार्यक्रम रखा गया। इनमें एक सम्मेलन अरब देशों के नेताओं के साथ था। दूसरा सम्मेलन खाड़ी सहयोग परिषद के सदस्य देशों के नेताओं के साथ था। इसके बाद सऊदी अरब के साथ उनकी द्विपक्षीय वार्ता रखी गई। समझा जाता है कि इस यात्रा के दौरान चीन और अरब देशों के बीच अरबों डॉलर के कारोबार के समझौते हो रहे हैं।

विश्लेषकों के मुताबिक सऊदी युवराज मोहम्मद बिन सलमान ने चीन के साथ संबंध बनाने को अपनी खास प्राथमिकता बनाई है। माना जाता है कि प्रिंस सलमान के हाथ में ही सऊदी अरब की असल सत्ता है। अमेरिकी टीवी चैनल सीएनएन ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया है कि इस यात्रा के दौरान प्रिंस सलमान यह साफ संदेश ना चाहते हैं कि सऊदी अरब और चीन के बीच एक विशेष दोस्ती कायम हो गई है।



अमेरिकी टीकाकारों ने शी के हुए स्वागत की तुलना 2017 में जेद्दाह में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हुए स्वागत से की है। जबकि इस वर्ष राष्ट्रपति जो बाइडेन जब यहां आए, तो सऊदी प्रतिक्रिया मद्धम रही। टीकाकारों ने ये बात याद दिलाई है कि जब प्रिंस सलमान ने राष्ट्रपति बाइडेन से हाथ मिलाया, तब उनके चेहरे पर मुस्कान नहीं थी। इसके अलावा प्रिंस सलमान ने कच्चे तेल का उत्पादन बढ़ाने की जो बाइडेन की अपील भी ठुकरा दी। उलटे उसके कुछ महीने बाद तेल उत्पाद देशों के संगठन ओपेक ने उत्पादन घटाने का फैसला कर लिया। इस निर्णय के पीछे भी प्रिंस सलमान का ही हाथ माना गया था। अब सलमान ने शी जिनपिंग के स्वागत में अपनी पूरी ताकत लगा दी है।

अमेरिका की हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में सीनियर फेलॉ और संयुक्त अरब अमीरात के विश्लेषक अब्दुल खालिक अब्दुल्ला ने कहा कि इस घटनाक्रम का पहला संदेश यह है कि अब हमारे सामने एक नया सऊदी अरब है। एक नई खाड़ी है। यह एक नई हकीकत है। हकीकत यह है कि चीन का एशिया में उदय हो रहा है। अमेरिका चाहे या ना चाहे, हम चीन से संबंध बनाएंगे।

पश्चिम एशिया के विश्लेषकों की शिकायत है कि अमेरिका ने पहले इस इलाके को उसकी किस्मत के भरोसे छोड़ दिया। जब उसे तेल की जरूरत पड़ी, तब उसे इस क्षेत्र की याद आई। अब्दुल्ला ने कहा कि अगर अमेरिका हमसे बेहतर रिश्ते रखना चाहता है, तो उसके लिए उसे अधिक प्रतिबद्धता दिखानी होगी। अगर वह ऐसा नहीं करता है, तो हम धीरे-धीरे अलग होते जाएंगे। इस बारे में फैसला अमेरिका को करना है।'

इस बीच चीन ने अपने इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्स को आगे बढ़ाते हुए सऊदी अरब और आसपास के ज्यादातर देशों के साथ अपने संबंध मजबूत किए हैं। इसके अलावा वह तेल उत्पादक देशों के एक बड़े बाजार के रूप में उभरा है। पर्यवेक्षकों के मुताबिक इस तरह दोनों पक्षों के हित एक दूसरे से जुड़ रहे हैं। शी के प्रति जेद्दाह में दिख रही गर्मजोशी इसी घटनाक्रम की झलक है।

## मादक पदार्थ मामले में पाक गृह मंत्री को कोर्ट ने किया बरी,टोल प्लाजा से पुलिस ने पकड़ा था

**इस्लामाबाद , 10 दिसम्बर 2022।** पाकिस्तान की एक अदालत ने शनिवार को देश के गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह को मादक पदार्थ मामले में बरी कर दिया। राणा पर इमरान की सरकार मे केस दर्ज किया था। मंत्री को जुलाई 2019 में एंटी-नारकोटिक्स फोर्स (एएनएफ) लाहौर टीम ने मोटरवे पर रवि टोल प्लाजा के पास से गिरफ्तार किया था। वह फैसलाबाद से लाहौर जा रहे थे।



जब पाक एंटी-नारकोटिक्स फोर्स ने मंत्री को पकड़ा था तो उसके वाहन से 15 किलो हेरोइन बरामद करने का दावा किया था। वहीं इस मामले में सनाउल्लाह के चालक और सुरक्षा गार्ड सहित पांच अन्य लोगों को गिरफ्तार किया था। हालांकि निचली अदालत ने उन्हें दो बार जमानत देने से इनकार कर दिया था लेकिन लाहौर उच्च न्यायालय ने उन्हें 24 दिसंबर, 2019 को रिहा कर दिया।

स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट्स के मुताबिक शनिवार को सुनवाई के दौरान एंटी-नारकोटिक्स के सहायक निदेशक इम्तियाज अहमद और इंस्पेक्टर एहसान आजम ने सनाउल्लाह के खिलाफ आरोपों को खारिज करते हुए उन्हें गलत बताया। रिपोर्ट में उनके हवाले से कहा गया है कि हमने घटनास्थल से कभी भी किसी तरह का ड्रग्स बरामद होते नहीं देखा।

इसके बाद, अदालत ने आंतरिक मंत्री और मामले में नामित अन्य सभी लोगों को बरी कर दिया। अदालत के बाहर मीडिया से बात करते हुए, सनाउल्लाह ने जोर देकर कहा कि सभी झूठे मामलों को रद्द करना उनकी पार्टी का अधिकार है। उन्होंने कहा कि यहां तक कि हमारे नेतृत्व के खिलाफ विदेशों में दर्ज मामलों को भी खारिज किया जा रहा है।

## इमरान खान को लाहौर हाईकोर्ट से झटका,छह साल पुराने मानहानि मामले में याचिका खारिज

**लाहौर , 10 दिसम्बर 2022।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को छह साल पुराने मानहानि मामले में झटका लगा है। लाहौर हाईकोर्ट ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष खान की याचिका खारिज कर दी है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इमरान खान पर 61 मिलियन डॉलर का मानहानि का दावा ठोका है।



पीटीआई अध्यक्ष खान ने शहबाज शरीफ द्वारा उनके खिलाफ दायर मानहानि के मामले में %जवाब दाखिल करने के अधिकार% से वंचित करने के संबंध में सत्र अदालत के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। लाहौर हाईकोर्ट के न्यायाधीश चौधरी मोहम्मद इकबाल ने शुक्रवार को दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद खान की याचिका खारिज कर दी और सत्र अदालत के फैसले को बरकरार रखा।

इससे पहले, लाहौर की सत्र अदालत ने फैसला दिया था कि 70 वर्षीय खान ने इस मामले में जवाब दाखिल करने या विरोध करने का अधिकार खो दिया है, क्योंकि वह शहबाज शरीफ की आपत्तियों का समय पर जवाब दाखिल करने में विफल रहे थे।


**क्या है मामला-** अप्रैल 2017 में इमरान खान ने दावा किया था कि शहबाज ने पूर्व प्रधानमंत्री और उनके बड़े भाई नवाज शरीफ के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में पनामा पेपर लीक मामले को वापस लेने के लिए एक मित्र के जरिए उन्हें 61 मिलियन डॉलर की पेशकश की थी।

इसके बाद शहबाज शरीफ ने इमरान खान के खिलाफ मानहानि का मुकदमा किया और आरोप लगाया कि खान ने उनके खिलाफ झूठे और दुर्भावनापूर्ण बयान दिए हैं। शहबाज ने जनता में उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के लिए मुआवजे के रूप में 61 मिलियन डॉलर की वसूली के लिए अदालत से अनुरोध था।

## खिलाड़ी के बदले हथियार डीलर को रिहा करने के फैसले पर अमेरिका में उठे सवाल,पूरा मामला

**वॉशिंगटन, 10 दिसम्बर 2022।** अमेरिका की बास्केटबॉल स्टार ब्रिटनी ग्रिनर को रूस की कैद से छुड़ाने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने जो सौदेबाजी की, उसको लेकर ह्वाइट हाउस में गहरी बेचैनी है। जानकारों ने इसे कैदियों की एक बेहद असमान अदला-बदली माना है। अमेरिकी मीडिया के कवरेज में इस अदला-बदली को निर्विवाद रूप से रूस के राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन की जीत बताया गया है। अमेरिका ने ग्रिनर को छुड़ाने के हथियारों डीलर विक्टर बाउट को रिहा कर दिया। जबकि इन दोनों पर एक दूसरे के यहां अलग-अलग किस्म के आरोप लगाए गए थे।





ग्रिनर को रूस में नशीली दवा (कैनेबिस) रखने के आरोप में सजा सुनाई गई थी। जबकि बाउट को पिछले कई दशकों में पकड़ा गया सबसे बड़ा हथियार डीलर बताया जाता है। बाउट पर आरोप है कि उसने अफ्रीका और कुछ दूसरे महाद्वीपों में हथियारों की तस्करी की। एक अमेरिकी अदालत ने बाउट को अमेरिकी नागरिकों की हत्या की साजिश रचने के आरोप में भी सजा सुनाई थी।

विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिका में ग्रिनर की लोकप्रियता के कारण राष्ट्रपति जो बाइडन उन्हें रूसी हिरासत से छुड़ाने के लिए मजबूर हो गए। जनमत के दबाव में उन्होंने क्रेमलिन (रूसी राष्ट्रपति कार्यालय) से बातचीत शुरू की। ये वार्ता उन्हें उस समय करनी पड़ी, जब रूस और अमेरिका के संबंध अपने सबसे खराब दौर में हैं। इस माहौल के बीच समझौता करने की मजबूरी बाइडेन के लिए एक तरह से अपमान का घूंट पीने जैसी मानी गई है।

अमेरिकी मीडिया में इस सवाल पर कयास लगाए गए हैं कि आखिर बाउट की रूस में उतनी अहमियत क्यों है। बाउट पर संयुक्त राष्ट्र की जांच में भी गंभीर आरोप लगाए गए थे। कई अन्य अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों ने भी उसे छोटे से लेकर बड़े हथियारों की तस्करी का दोषी ठहराया है। बताया जाता है कि वह इस धंधे में 1990 के दशक से है और एक बार उस पर आतंकवादी संगठन अल-कायदा को हथियार को हथियार सप्लाई करने के इल्जाम भी लगे थे। बाउट कितना चर्चित रहा है, इसका अंदाजा इससे ही लग जाता है कि हॉलीवुड के फिल्म निर्माता निकोलस केज ने उसकी कहानी को केंद्र में रख कर 'लॉर्ड ऑफ वॉर' नाम की फिल्म बनाई थी।

टीवी चैनल सीएनएन की वेबसाइट पर छपे एक विश्लेषण में कहा गया है- 'बड़ी हैरत की बात यह है कि जिस समय रूस का यूक्रेन पर क्रूर हमला जारी है, तब कैदियों की ये अदला-बदली की गई। इससे दो बातें जाहिर हुई हैं- पहली यह कि जब रूसी बमबारी से यूक्रेन के नागरिकों की जान जा रही है और अमेरिका यूक्रेन को हथियार मुहैया करा रहा है, उसके बीच भी अमेरिका और रूस अपने फायदे का सौदा करने की स्थिति में बने हुए हैं। दूसरी बात यह साफ हुई है कि अपने करीबी लोगों के लिए रूस के राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन अपने राष्ट्रीय अभिमान का सौदा करने को तैयार हैं।'

लेकिन कुछ दूसरी टिप्पणियों में कहा गया है कि बाइडन प्रशासन भी रूस विरोधी अपने तमाम अभियान के बावजूद पुतिन के दबाव में आ गया और एक बदनाम अपराधी को रिहा करने की हद तक चला गया। इससे अमेरिका के लिए असहज स्थिति बनी है।

## प्रिंस हैरी किंग चार्ल्स के राज्याभिषेक की अतिथि सूची में नहीं,डॉक्यूमेंट्री रिलीज के बाद बढ़ा विवाद

**लंदन , 10 दिसम्बर 2022।** महारानी के जिंदा रहते प्रिंस हैरी अपनी पत्नी मेघन मार्कल के साथ ब्रिटेन महल की सुख-सुविधाओं से अलग हो गए थे। फिलहाल वह कैलिफोर्निया में आम लोगों की तरह ही अपना जीवन गुजार रहे हैं। वहीं उनकी जिंदगी के बारे में एक डॉक्यूमेंट्री सीरीज %हैरी एंड मेगन% बनाई गई है, जो अब ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर लॉन्च कर दी गई है जिसको लेकर काफी हल्ला मचा हुआ है।



रॉयल फैमिली मामलों के जानकार, टॉम बोवर ने हाल ही में अमेरिका में एक मीडिया साक्षात्कार में कहा कि इस बात की बहुत कम संभावना है कि प्रिंस हैरी का पहले की तरह तरह ब्रिटेन में गर्मजोशी से स्वागत होगा। आगे कहा कि मैं कल्पना नहीं कर सकता कि उनका स्वागत होगा। मुझे नहीं लगता कि इंग्लैंड में हैरी का कभी भी स्वागत होगा।

साथ ही उन्होंने यहां तक दावा किया कि ऐसी संभावना है कि किंग चार्ल्स के राज्याभिषेक में हैरी और मेघन अतिथि सूची में नहीं होंगे। इंटरव्यू में कहा कि हैरी एक बाहरी व्यक्ति बन गए है और मेघन ने खुद को बाकी ब्रिटिश शाही परिवार से समान रूप से दूर कर लिया है।

### शाही परिवार और प्रिंस हैरी-मेघन के बीच सुलह मुश्किल

बोवर के मुताबिक, प्रिंस हैरी के अपने पिता किंग चार्ल्स के साथ भी संबंध खराब हो गए हैं। टॉम बोवर ÷रिवेंज¬ मेघन, हैरी एंड द वॉर बिटवीन द विंडसर÷ के लेखक भी है। उन्होंने बताया कि इसकी संभावना भी अब खत्म हो गई कि शाही परिवार और प्रिंस हैरी और मेघन के बीच कभी सुलह होगी।

हालांकि उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को भी लगता है, आठ सितंबर को महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के निधन के बाद प्रिंस हैरी एक बार फिर परिवार का हिस्सा बनेंगे। वहीं मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, किंग चार्ल्स ने हैरी-मेगन की नई डॉक्यूमेंट्री आने के बाद इस मामले से पूरी तरह दूरी बना ली है।

## ढाका में प्रदर्शन के लिए जुटे हजारों लोग, मांगा प्रधानमंत्री शेख हसीना का इस्तीफा



**ढाका , 10 दिसम्बर 2022।** बांग्लादेश में सरकार के विरोध में शनिवार सुबह ही प्रदर्शन शुरू हो गए। विपक्षी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के नेतृत्व में बुलाई गई रैली में हजारों लोग हिस्सा ले रहे हैं। बांग्लादेश की मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो ढाका के सैयदाबाद में गोपालबाग मैदान भीड़ से खचाखच भर गया। यह लोग लगातार प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे की मांग उठा रहे हैं। बीएनपी की मांग है कि बांग्लादेश में तत्काल चुनाव का एलान किया जाए।

हसीना सरकार की तरफ से इन प्रदर्शनों पर तमाम पाबंदियां लगाए जाने के बावजूद इतनी बड़ी संख्या में लोगों का जुटना काफी अहम घटनाक्रम है। इस बीच बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के सात सांसदों ने प्रदर्शन के दौरान ही अपने इस्तीफे का भी एलान कर दिया।

क्या है बीएनपी की मांग?

बीएनपी सत्ताधारी अवामी लीग के बजाय एक कार्यवाहक सरकार के तहत नए सिरे से चुनाव कराने के लिए प्रधानमंत्री हसीना के इस्तीफे की मांग कर रही है। पार्टी ने संदेह जताया है कि शेख हसीना प्रशासन चुनाव में धांधली कर सकता है। बांग्लादेश में अगले आम चुनाव 2024 में होने हैं।

इससे पहले बीएनपी की ढाका रैली से पहले पार्टी के आक्रोशित कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस की झड़प हो गई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हुई और कई अन्य घायल हो गए। दो दिन बाद बीएनपी के नेताओं को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

## राष्ट्रपति बोल्सोनारो ने चुनावी हार पर तोड़ी चुप्पी, समर्थकों से की बात, बोले- हम जरूर जीतेंगे

**ब्रासीलिया , 10 दिसम्बर 2022।** ब्राजील के राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो ने आम चुनाव में अपनी हार पर पहली बार चुप्पी तोड़ते हुए देश में सत्ता परिवर्तन को रोकने के लिए सैन्य तख्तापलट का आह्वान करने वाले समर्थकों से बात की। बोल्सोनारो ने कहा कि चुनाव नतीजे घोषित होने के बाद वह करीब 40 दिनों तक चुप रहे और इससे उनकी आत्मा आहत हुई है।



बोल्सोनारो ने राष्ट्रपति निवास के गेट पर अपने समर्थकों से बात करते हुए कहा कि मैं कहां जाऊं, यह कौन तय करेगा। सशस्त्र बलों को क्या कदम उठाना चाहिए, यह कौन तय करेगा। हालांकि, बोल्सोनारो ने समर्थकों की सैन्य हस्तक्षेप की मांग का समर्थन नहीं किया और उम्मीद जताई कि सशस्त्र बल ब्राजील के संविधान का सम्मान करेंगे।

हम जीतने जा रहे हैं...

बोल्सोनारो ने अपने समर्थकों से कहा कि ब्राजील में समाजवाद को रोकने के लिए सशस्त्र बल ब्राजील की दीवार थे। उन्होंने कहा कि हमने कुछ भी नहीं खोया है और हम एक दिन और मजबूत होंगे। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बल एकजुट हैं। वे हमारे लोगों के प्रति वफादारी और संविधान के प्रति सम्मान रखते हैं, और वे हमारी स्वतंत्रता के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि हम जीतने जा रहे हैं।

लूला डिसिल्वा की जीत को स्वीकार करने से इनकार

बोल्सोनारो ने अक्टूबर में हुए चुनावों में वामपंथी नेता लूला डिसिल्वा की जीत को स्वीकार करने से इनकार कर दिया और उनकी चुप्पी ने समर्थकों को सेना के ठिकानों के बाहर प्रदर्शन जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया। बोल्सोनारो पर लूला की जीत का मुद्दा चुनाव प्राधिकरण के पास चला गया है। सोमवार को ब्राजील का राष्ट्रीय चुनाव प्राधिकरण इस पर फैसला सुना सकता है।

## सेंट हेलिएर में फ्लैट्स के ब्लॉक में धमाका, एक व्यक्ति की मौत,12 से ज्यादा लापता

**सेंट हेलिएर , 10 दिसम्बर 2022।** जर्सी की राजधानी सेंट हेलिएर में स्थित एक फ्लैट्स के एक ब्लॉक में जोरदार धमाका होने का मामला सामने आया है। जर्सी की स्थानीय मीडिया ने बताया कि उत्तरी फ्रांस के तट पर स्थित जर्सी द्वीप की राजधानी सेंट हेलियर में शनिवार सुबह एक अपार्टमेंट के एक ब्लॉक में विस्फोट और आग लगने के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई। इतना ही नहीं, इस हादसे के कारण लगभग एक दर्जन अन्य लोगों की कोई जानकारी नहीं है।



स्थानीय मीडिया ने बताया कि उत्तरी फ्रांस के तट पर स्थित जर्सी द्वीप की राजधानी सेंट हेलियर अपार्टमेंट के एक ब्लॉक में विस्फोट और आग लगने के बाद एक व्यक्ति की मौत हो गई। साथ ही लगभग एक दर्जन अन्य लापता हैं। वहां के निवासियों का कहना है कि विस्फोट से कई घंटों पहले गैस की तेज गंध आने के कारण दमकल कर्मियों को बुलाया गया था। विस्फोट के बारे में जानकारी देते हुए जर्सी पुलिस के प्रमुख ने बताया कि घटना वाले इलाके में आपातकालीन सेवाएं राहत और बचाव कार्य में जुटी हुई हैं। स्टेट ऑफ जर्सी पुलिस ने ट्विटर पर ट्वीट करके जानकारी दी कि ÷हॉट डु मोंट, पियर रोड पर आज सुबह विस्फोट के बाद कई निवासी अभी भी लापता हैं। आपातकालीन सेवाएं घटनास्थल पर काम कर रही हैं और घटनास्थल पर हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। इसके अलावा संपर्क अधिकारियों द्वारा वहां रहने वाले लोगों के परिजनों और रिश्तेदार से संपर्क किया जा रहा है।

कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया है कि घटना स्थल पर मलबे में फंसे लोगों को खोजने के लिए और सर्च और बचाव अभियान चल रहा है। वहीं, जर्सी सरकार ने निवासियों से यह भी कहा है कि वे जब तक बिल्कुल आवश्यक न हो आपातकालीन विभाग में न जाएं।

सेंट हेलियर टाउन हॉल में करीब 20 से 30 लोगों की देखभाल की जा रही है। स्थानीय मीडिया ने बताया कि पियर रोड, पियर रोड कार पार्क और साउथ हिल को बंद कर दिया गया है। गौरतलब है कि जर्सी एक स्वशासी संसदीय लोकतंत्र के साथ एक ब्रिटिश क्राउन डिपेंडेंसी है। इसकी अनुमानित आबादी 103,267 है।

# सरकार की...पुलिस विभाग की या विधायक की हो बदनामी फिर भी नहीं रुकेगा अवैध कारोबार?

## चिरमिरी में नहीं थम रहा अवैध कोयले का काला कारोबार,संबंधित विभाग बना मूकदर्शक







## माफियाओं की जेसीबी जब्त,फिर भी कोयला उत्खनन में जुटे हुए हैं कोयला चोर,क्या नहीं है माफियाओं को पुलिस का डर?

» क्या चिरमिरी में जारी कोयला चोरी मामले में केजीएफ या पुष्पा फिल्म की तर्ज पर बन सकती है फिल्म?

» कोयला चोरों की जेसीबी जंगलों में धड़ल्ले से कर रही अवैध कोयला उत्खनन और रोकने वाला कोई नहीं

- रवि सिंह -
चिरमिरी/मनेंद्रगढ़ 10 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

यूपी जैसे प्रदेशों में बुलडोजर काफी प्रसिद्ध हुआ वहां पर बुलडोजर इसलिए प्रसिद्ध हुआ क्योंकि बुलडोजर के द्वारा अवैध कार्य करने वालों पर कार्यवाही की जा रही थी, लेकिन छत्तीसगढ़ के नवीन जिले एमसीबी में जेसीबी इसलिए प्रसिद्ध होता जा रहा है क्योंकि यहां पर जेसीबी का उपयोग अवैध कारोबार में जमकर हो रहा है, जंगलों व पहाड़ों के अंदर जेसीबी पहुंचकर अवैध कोयले का उत्खनन कर रहा है, पूरी तरह से कोयले का अवैध कारोबार केजीएफ और पुष्पा फिल्म की कहानी का रूप ले लिया है इस पर रोक लगाने में पुलिस प्रशासन से लेकर शासन पर बैठे हुए लोग भी असफल हो चुके हैं, ऐसा लगता है कि इन कोल माफियाओं के सामने इन्होंने घुटने टेक दिए हैं, कुछ दिन पहले ट्रक और जेसीबी पकड़ कर पुलिस ने खूब वाहवाही बटोरी थी, इसके बाद फिर से जेसीबी जंगलों को बर्बाद कर कोयले का अवैध उत्खनन कर रही है, सबसे बड़ा सवाल तो यह है कि इस अवैध कारोबार को लेकर जहां वर्तमान सरकार पुलिस विभाग व स्थानीय विधायक की फजीहत हो रही है बदनामी हो रही है इसके बावजूद इस पर कार्यवाही ना कर इसे बढ़ावा देना कहां तक उचित है यह समझ से परे है? बदनामी और फजीहत हो तो हो पर कारोबार तो होगा क्या इस तर्ज पर माफिया कर रहे हैं काम? ना सरकार को अपनी फजीहत की चिंता है ना पुलिस विभाग को और ना ही स्थानीय विधायक को, यही वजह है कि यह कारोबार बढ़ता जा रहा है, माफियाओं के हौसले इस कदर बुलंद है कि अब मशीन का भी उपयोग अवैध कारोबार में कर रहे हैं लगातार वीडियो व फोटो वायरल हो रहा है जो कहीं ना कहीं पुलिस तक भी पहुंच रही है और उनकी पोल खोल रही है पर ना जाने पुलिस क्यों लाचार बैठी है?

### शासन प्रशासन की असफलता खुलकर सामने दिख रही है,अवैध कारोबार अब शासन प्रशासन के नियंत्रण से बाहर हो चुका है

चिरमिरी में जारी साथ ही कोरिया जिला में जारी कोयला चोरी मामले में जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन की भूमिका मूकदर्शक की बनी हुई है और जिस स्तर पर जिस तरह यह चोरी का कारोबार हो रहा है उसे देखकर साफ लग रहा है कि कोयला चोर अब प्रशासन पर हावी हो चुके हैं और उनपर किसी का नियंत्रण नहीं है,कुल मिलाकर लूट मची हुई है और जितना जो लूट सके कि तर्ज पर जिले का खनिज लुटा जा रहा है। कोयला चोरों में सफेदपोश भी शामिल हैं और सभी मिलकर बंदरबांट कर रहें हैं जो खुलेआम हो रहा है।

### जिलेवासियों के हक़ पर कोयला चोर डाल रहे डाका, जनप्रतिनिधी भी हैं मौन

चुनाव पूर्व बड़ी बड़ी बातें करने वाले क्षेत्र विकास की बातें करने वाले जनप्रतिनिधी भी कोयला चोरी मामले में मौन हैं और जिलेवासियों के हक़ पर पड़ रहे डाका मामले में मूकदर्शक बनकर बैठे हुए हैं। जिले की खनिज संपदा पर जहां हक़ यहां की जनता का होना था उसपर हक़ अब केवल चोरों का रह गया है और उन्हें एक तरह से पूरी तरह से छूट दे दिया गया है कि वह लूटकर जितना ले जा सकें ले जाएं और जिलेवासियों के हक़ पर डाका डालते रहें।

### चिरमिरी को स्थायित्व दिलाने की बात कोरी बात, अब यही लग रहा है

विस्थापन का दर्द झेल रहे चिरमिरी को स्थायित्व दिलाने की बात करने वाले चिरमिरी को लुटता देख रहें हैं और चिरमिरी लगातार चोरों से लूट रहा है और वह मौन हैं जो इसके स्थायित्व की बात किया करते थे,अब यही लगता है कि स्थायित्व की बात केवल कोरी बात थी और सभी अपने अपने लाभ के लिए राजनीति में अपनी रोटी सेंक रहें हैं यही लगता है। चिरमिरी को स्थायित्व तो नहीं मिल पा रहा है बशर्ते प्रतिदिन चिरमिरी लूट रहा है यह देखा जा रहा है।

### सरेआम जारी है कोयला चोरी,चोरों की हो रही मोटी कमाई

कोयला चोरी सरेआम जारी है और चोर मोटी कमाई कर रहें हैं। कोयला चोरों की प्रतिदिन की आमदनी जहां लाखों करोड़ों में है वहीं स्थानीय लोग बेरोजगार घूम रहे हैं,कुलमिलाकर चिरमिरी सहित कोरिया जिले में कोयला चोरों पर किसी का नियंत्रण नहीं है।

### भ्रष्टाचार और चोरी मामले में शासन प्रशासन का मौन रहना,कहीं मौन स्वीकृति तो नहीं

भ्रष्टाचार और चोरी जो खनिज संपदाओं की चोरी है मामले में शासन प्रशासन का मौन रहना कहीं न कहीं शासन प्रशासन की मौन सहमति की तरफ इशारा करती है। जिले में खनिज संपदाओं की खुलकर चोरी की जा रही है भ्रष्टाचार चरम पर है समाचारों में प्रतिदिन मामले प्रकाशित भी हो रहें हैं फिर भी शासन प्रशासन पूरी तरह कुम्भकर्णीय नींद में सोया हुआ है या सोने का अभिनय कर रहा है। कुलमिलाकर दोनों ही मामलों जिनमे भ्रस्टाचार और खनिज संपदाओं की चोरी का मामला है शासन प्रशासन की इसे रोकने को लेकर बिल्कुल भी सक्रियता नहीं दिखती साथ ही इसको लेकर कोई गंभीरता भी नहीं दिखती। इसको देखते हुए लगता है कि लूट में मदद के लिए शासन प्रशासन के नुमाइंदे मदद करने बैठे हैं रोकने के लिए नहीं।

# आजादी के 75 वर्ष बाद भी हर दिन मानवाधिकार का हो रहा हन्नः न्यायाधीश कुरैशी

- संवाददाता -
रामानुजगंज 10 दिसम्बर 2022 (घटती घटना)



जिला न्यायधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सिराजुद्दीन कुरैशी कि अध्यक्षता में विश्व मानवाधिकर दिवस के अवसर पर जिला जेल रामानुजगंज में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। सिराजुद्दीन कुरैशी ने विचाराधीन कैदियों को संबोधित करते हुए कहां की जो अधिकार मानव को जन्मजात प्राप्त है उसे मानवाधिकार कहा जाता है। उन्हें स्वतंत्रता,समानता एवं प्रतिष्ठा से जुड़े हुए सम्मान मिलना चाहिए। इन अधिकारों का उलंघन करने वालों को अदालत द्वारा सजा दी जाती है। मानवाधिकार में स्वास्थ्य, आर्थिक,सामाजिक और शिक्षा का अधिकार शामिल है। मानवाधिकार वे अधिकार हैं जिनसे मनुष्य को नस्ल,जाति,राष्ट्रीयता, धर्म, लिंग आदि के आधार से वंचित या प्रताड़ित नहीं किया जा सकता। किंतु हमारे देश की विडंबना है कि आजादी के 75 वर्ष के बाद भी हर दिन मानवाधिकार का लगातार हनन हो रहा है। आज समृद्ध लोग गरीब लोगों के अधिकारों को रौंद रहे है। यह सब इसलिए हो रहा है क्योंकि हमारे अंदर पूर्ण जानकारी की कमी है। हम अपने अधिकारों से परिचित नहीं हैं। हमें अपने अधिकारों को जानना अत्यंत आवश्यक है। उन्होनें गांधी जी के सत्य एवं अहिंसा को बताते हुए कहा कि गांधी जी ने अपने इन्हीं दोनो हथियारों की बदौलत अंग्रेजी साम्राज्य को समाप्त किया। उन्होनें बंदियों के लिए लाईब्रेरी एवं धार्मिक,साहित्यिक किताबें उपलब्ध कराने हेतु जेल अधीक्षक को निर्देश दीये। द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मधुसूदन चंद्रकार ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर जेल अधीक्षक जी0एस0 मरकाम, तहसीलदार विनीत सिंह,पूर्व लोक अभियोजक बिपिन बिहारी सिंह, लोक अभियोजक अविनाश गुप्ता,लीगल एंड क्लीनिक अधिवक्ता अवधेश गुप्ता,पैनल अधिवक्ता राकेश पाण्डेय,जिला जेल के समस्त स्टॉफ एवं पीएलव्ही उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ के पूर्व गृह मंत्री रामविचार नेताम के समक्ष नौजवान युवकों ने ली भाजपा की सदस्यता

- संवाददाता -
रामानुजगंज 10 दिसम्बर 2022 (घटती घटना)



विकास गुप्ता के नेतृत्व में रामानुजगंज नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों से अनेकों नौजवान युवकों ने छत्तीसगढ़ के पूर्व गृह मंत्री रामविचार नेताम के गृह ग्राम सनावल में भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर रामविचार नेताम ने कहां की केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर जनता में काफी खुशी है जिसको लेकर लोग पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। श्री नेताम ने कहा कि भारती जनता पार्टी की सदस्यता लेने के लिये ग्रामीण क्षेत्रों में लोगो के अंदर जोश व उत्साह देखा जा रहा है। जिसको लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश में पुनः प्रधानमंत्री मोदी जी के नेत्तृव मे भाजपा की सरकार बनेगी। श्री नेताम अपनी धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा नेताम के साथ नौजवान युवकों को मुंह मीठा कराते हुए उन्हें भारतीय जनता पार्टी का गमछा गले में डालते हुए उनका सम्मान किया। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में राजू रवि ,शोहराब आलाम,अभिनाश मेहता,सुजीत रवि, उमाशंकर रवि,विनय कुमार रवि, संतोष ठाकुर, पिंकू तिवारी,बबलू तिवारी, मोनू ठाकुर,वीरेंदर कश्यप,हीरालाल ,कमलेश मेहता ,राकेश शर्मा ,कारण कश्यप,शनि शोनी,अंकेश तिवारी, विवेक तिवारी, चंदन कश्यप, अभिषेक कश्यप,रेहान खान,निखिल तिवारी,अजय गुप्ता, शंकर चौधरी,अनंत रवि,छोटू,ऋषि पासवान,मसुवर,इरशाद,चंदन पूरी ,दिलनवाज, सहित अनेकों लोग उपस्थित रहे।

# गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने एमसीबी पुलिस अधीक्षक से उप निरीक्षक को हटा निरीक्षक को थाना प्रभारी बनाने की मांग की

» पुलिस के साथ आरोपी पकड़ने गये चालक की दुर्घटना में हुयी मौत, चालक के परिवार को मिले क्षतिपूर्ति राशि।

» वाहन फिटनेस मामले की हो निष्पक्ष जांच, थाना प्रभारी के जेब से मिले मृतक परिवार को क्षतिपूर्ति राशि।

» विपक्ष ने नहीं निभाई अपनी भूमिका तो गोंडवाना को ही न्यायहित में उतरना पड़ा मैदान में।

» 9 नवम्बर को यदि फिटनेस वाहन का हो गया था तो फिर 6 दिसम्बर तक ऑफिसल वेबसाईट में अपडेट क्यों नहीं हुआ?:केवल सिंह

- रवि सिंह -
एमसीबी मनेंद्रगढ़ 10 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

मनेन्द्रगढ़ थाना के वर्तमान प्रभारी अविभाजित कोरिया के समय से उपनिरिक्षक होते हुये थाना प्रभारी पद पर विराजमान है। यदि मनेन्द्रगढ़ थाने के इतिहास पर नजर डाला जाये तो इतना पुराने थाने में किसी भी प्रभारी को इतना लम्बा कार्यकाल कभी नहीं रहा है। इनका कार्यकाल का 30 महिने से अधिका समय बीत चुका है इसके बावजुद अंगद के पैर की तरह जमे हुये है। कई षिकायतो के बावजुद भी अनवरत अपनी नौकरी डंके की चोट पर कर रहे है और इनके कार्यकाल में अवैध कारोबार में चौतरफा बढ़ोत्तरी हुई है। जिस पर विपक्ष मौन साधे बैठी है वहीं लोहित में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने वर्तमान थाना प्रभारी के खिलाफ मोर्चा खोल दी है। कई बिन्दूओं के साथ एमसीबी जिले के गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के जिलाध्यक्ष केवल सिंह मरकाम ने नगर ब्लॉक अध्यक्ष के साथ पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर थाना प्रभारी से जुड़े अनिमियताओं की चर्चा करते हुये तत्काल थाना प्रभारी को प्रभाव से मुक्त करने के साथ हाल में थाना प्रभारी के गैर जिम्मेदारी से हुये दुर्घटना का ठिकरा फोड़ते हुये कहा कि दुर्घटना में कहीं न कहीं बड़ी लापरवाही हुयी है जिसकी जांच अत्यंत आवष्यक है यदि जांच में प्रभारी दोषी पाये जाते है तो इनके वेतन से मृतक के परिवार को हर्जाना दी जाये।

ज्ञात हो कि विगत दिनों आरोपी को पकड़ने जिस वाहन से मनेन्द्रगढ़ पुलिस मध्यप्रदेश के लिये रवाना हुयी थी उस वाहन का दस्तावेज पूर्ण नहीं था इसके बावजुद उस वाहन को आरोपी पकड़ने के लिये लापरवाही पूर्वक ले जाने मामले इस समय जिले में सुर्खियां बटोर रही है यह आरोप कितना पुष्ट है इसका तो पता नहीं किन्तु इस मामले में जो तथ्य और सवाल उठ़ रहे है वह कहीं न कहीं इस मामले को निष्पक्ष जांच का मार्ग प्रषथ्त कर रहा है। यदि तथ्यों पर गौर किया जाये तो जिस समय वाहन दुर्घटनाग्रस्त हुयी एम परिवहन वेबसाईट जो सरकार द्वारा अधिकृत वेबसाईट मानी जाती है जिसकी जानकारी को लगभग लोग सही मानते है यही वेबसाईट दुर्घटनाग्रस्त वाहन का फिटनेस फेल बता रही थी वह भी 06 दिसम्बर तक तमाम लोगों



ने उस वाहन को उसी वेबसाईट में चेक किया तो उस वाहन का फिटनेस फेल दिखा रहा था जिसका स्क्रीनषॉट कई लोगों ने अपने फोने में रख लिया। जैसे ही वाहन के फिटनेस को लेकर समाचार व सोषल मिडिया पर स्क्रीन शॉट वायरल होने लगा जिसके बाद अचानक से बेवसाईट में फिटनेस अपडेट हो गया और फिटनेस का तिथि 08 नवम्बर 2022 बताने लगा। जिसके बाद लोग आष्चर्य में आ गये कि आखिर यह सब कैसे हो गया यदि 08 नवम्बर को फिटनेस बन गया था तो 06 दिसम्बर तक वाहन क्रमांक सीजी 16 सीएन 2705 का फिटनेस फेल दिख रहा था पर 07 दिसम्बर से यह फिटनेस पूर्व तिथि 08 नवम्बर से सक्रिय हो गया। अब सवाल यह उठ़ता है कि वेबसाईट गलत थी या फिर फिटनेस करने वाले विभाग की गलती? इस मामले को गंभीरता से देखा जाये तो सरकारी तंत्र ही संदेहो के घेरे में देखी जा रही है अब यह मामला एक नहीं दो विभाग के बीच का हो गया है क्या इस वजह से इस मामले में दोषियों को बचाने के लिये लिपापोती की जा रही है?

### गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हाल में हुये दुर्घटना को लेकर संदेह के घेरे में आ रहे मनेन्द्रगढ़ थाना प्रभारी व उनके कार्यकलापो का जिक्र ज्ञापन में किया गया है। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के एमसीबी जिलाध्यक्ष केवल सिंह मरकाम द्वारा मनेंद्रगढ़ रेस्ट हाउस में प्रेस वार्ता कर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के नाम जिला एमसीबी कलेक्टर एवं जिला पुलिस अधीक्षक को अपनी सात बिंदुओं को लेकर ज्ञापन सौंपा और मिडिया को इस घटने से जुड़े कई तथ्यों को बताते हुये कहा कि 03 दिसम्बर 2022 मनेन्द्रगढ़ उप निरीक्षक थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक टीम साइबर सेल के साथ छेड़छाड़ मामले के आरोपी को गिरफ्तार करने मध्यप्रदेष के नीमच रवाना हुई। गौरतलब है कि प्रकरण का आरोपी दिव्यांग है नीमच मध्यप्रदेश जाने हेतु जिस निजी वाहन सीजी 16 सीएन 2705 को अधिग्रहित किया गया उसके कागजात पूर्ण नहीं होने के बावजूद बिना जांच पड़ताल के दबाव बनाकर गाड़ी की बुकिंग की गई। आरोपी को गिरफ्तार कर वापस लौट रहा वाहन जबलपुर के पास दुर्घटना हो गई। इस दुर्घटना में वाहन चालक की मृत्यु हो गई तथा पुलिस टीम के सदस्य घायल हुये।

### चालक के परिजन को पुलिस विभाग दे उचित मुआवजा

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के जिलाध्यक्ष केवल सिंह मरकान ने कहा कि मृतक के परिजन को पुलिस विभाग द्वारा उचित मुआवजा देना चाहिए क्योंकि उन्हीं के कार्य के लिये वह पुलिस के दबाव में मध्यप्रदेश रवाना हुआ था और उन्हीं हो लेकर आते समय वाहन दुर्घटना में उसकी मृत्यु हो गयी। मेरे उसके साथ संवेदना है और चाहता हूं कि पुलिस विभाग उसके परिवार के किसी सदस्य को नौकरी दे या फिर हर्जाना स्वरूप धन राषि उपलब्ध कराये और यदि विभाग नहीं कर सकता तो थाना प्रभारी के वेतन से ही उसे हर्जाना दिलाया जाये।

### थाना प्रभारी पर लगा अवैध कार्य को संरक्षण देने का आरोप

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने अपने ज्ञापन में कहा कि मनेन्द्रगढ़ वर्तमान थाना प्रभारी राजनैतिक दबाव में कार्य कर रहे हैं, शहर में अवैध व्यापार एवं जुआं, शराब का अड्डा बन चुका है अवैधगढ़, मनेंद्रगढ़ तस्करी खुले आम जारी है। उप निरीक्षक थाना प्रभारी सिर्फ मूकदर्शक बने हुए हैं इस पर कार्रवाई क्यों नहीं? मनेन्द्रगढ़ थाना में निष्पक्ष कार्य नहीं हो रहा है पक्षपात पूर्ण कार्यवाही के लिए विख्यात हो चुका है। वर्तमान थाना प्रभारी के कार्यकलापों के पुलिंदा खोलते हुये गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने अनुरोध किया है कि हमारी मांगे गंभीरता पूर्वक विचार कर दोषीयों पर वैधानिक कार्यवाही करनें की मांग की और दुर्घटना मामले में पीड़ित परिवार के प्रति सरकार की संवेदना जनता को पता चले। मनेंद्रगढ़ थाने में 2 वर्ष से अधिक हो चुके एक ही स्थान पर उप निरीक्षक के स्थान पर नए पदाधिकारी नगर निरीक्षक की तत्काल नियुक्त किये जाने की बात कही। षिकायत के बावजुद यदि कार्यवाही नही होगी एवं मनेन्द्रगढ़ उप निरीक्षक थाना प्रभारी को निलंबित नही करेगें तो हम अपनी मांगे को लेकर धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगें जिसकी समस्त जवाब प्रशासन की होगी।

# ठेकेदार कर रहा है करोड़ों की लागत की सड़क का निर्माण कार्य,कागज मे संचालित है डब्लू एम एम प्लांट

## लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की सह पर ठेकेदार कर रहा है मनमानी

- लोक निर्माण विभाग के अधिकारी पर ठेकेदार पड रहा है भारी
- ठेकेदार के द्वारा मनमाने तरीके से कराया जा रहा बैकुंठपुर मुख्य मार्ग ठगगवा से सिंघत सड़क मार्ग का नव निर्माण एवं, पुल-पुलिया निर्माण कार्य में गुणवत्ताहीन सामाग्री का उपयोग,
- लोक निर्माण विभाग के अधिकारीओ के सामने ठेकेदार कर रहा है सडक की लम्बाई चौडाई और मोटाई मे खेल अधिकारियों को जानकारी के बाद भी नहीं कर रहे हैं कार्यवाही
- लोक निर्माण विभाग के राज्य मंत्री के द्वारा गुणवत्ता विहीन सड़क निर्माण कार्य कराये जाने पर कडी कार्यवाही करने के निर्देश के बाद भी सड़क निर्माण कार्य धड़ल्ले से गुणवत्ता विहीन निर्माण किया जा रहा है
- सडक निर्माण कार्य में ठेकेदार के द्वारा डब्ल्यू एम एम का निर्माण समाग्री बिना डब्ल्यू एम एम प्लांट के और बिना पेवर मशीन से बिना ग्रेडिंग के कार्य कराया जा रहा है। जबकि यहां सडक निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की सारी जानकारी और इनके सह पर कराया जा रहा है सडक की निर्माण सामग्री किस डब्ल्यू एम एम प्लांट से कया कया सामग्री किस किस मात्रा में मिल कर आ रही है इसकी जाच करने की जरुरत कभी नहीं समझी अधिकारीयों ने जिससे इनके किए गए निरीक्षण पर प्रश्न चिन्ह लगा रहा है अधिकारी सिर्फ करते हैं निरीक्षण का दावा



- राजेन्द्र शर्मा -
खड़गवां, 10 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

लोक निर्माण विभाग संभाग कोरिया छत्तीसगढ़ के द्वारा बैकुंठपुर मुख्य मार्ग ठगगवा से सिंघत सडक निर्माण कार्य के तहत करोडो रुपए की लागत से हो रहे मुख्य मार्ग ठगगवा से सिंघत तक सड़क नवनिर्माण एवं उन्नयन के कार्य मे नियोजित ठेकेदार द्वारा जमकर मनमानी बरती जा रही है।

सड़क निर्माण के इस कार्य मे पुल- पुलिया निर्माण के दौरान भी गुणवत्ताहीन निर्माण सामाग्री का उपयोग करते हुए कार्य को अंजाम दिया गया है।

बता दें कि मुख्य मार्ग ठगगवा से सिंघत होते हुए दुग्गी पटमा को जोड़ने वाले उक्त सड़क मार्ग का नवनिर्माण व उन्नयन कार्य का ठेकेदार को मिला है

लेकिन ठेकेदार की मनमानी के कारण कार्य बिना डब्लू एम एम प्लांट के इस सडक का निर्माण कार्य लगभग डब्ल्यू एम एम का 100/ प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है सिर्फ डामरीकरण कार्य बाकी है।

लोक निर्माण विभाग के देखरेख में हो रहे कार्य में पुल- पुलिया निर्माण में कांक्रीटिंग के दौरान प्राक्कलन के विपरीत निर्माण सामाग्री का उपयोग किया जा रहा है, जबकि जो कांक्रीट सामाग्री क्वालिटी परीक्षण हेतु रखा जा रहा उसमें अतिरिक्त सीमेंट डालकर गुणवत्तापरख दिखाने का प्रयास किया जा रहा है। इस प्रकार जमकर गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य को अंजाम दिया जा रहा है। जिसका मौके पे जाकर जांच करने पर सारी सच्चाई सामने आ जाएगी। लेकिन ऐसा नही हो पा रहा है, जिससे होने वाले कार्य की मजबूती पर प्रश्नचिन्ह लग रहा है। जबकि इस कार्य का देखरेख करने वाले संबंधित अधिकारी ठेकेदार के हाथों की कठपुतली बन उनके इशारे पर नाचते नजर आते है, तो वही क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले जनप्रतिनियों के पास भी इतनी फुर्सत नही कि किस कदर कार्य कराया जा रहा है, उसका मौके पर जाकर निरीक्षण कर सके।

इस संबंध पर जब निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर विभागीय इंजिनियर के एस लोध से फोन पर सड़क निर्माण कार्य कि जानकारी के लिए फोन किया गया तो उनके द्वारा फोन रिसिव नहीं किया गया

सड़क निर्माण कार्य कि गुणवत्ता के बारे में एवं सड़क पर बिछाई जा रही निर्माण सामग्री के बारे मे इस निर्माण सामग्री को डब्लू एम एम प्लांट से मिक्स करके लाना है मगर जिस जगह से निर्माण सामग्री आ रही है उस सथल पर डब्ल्यू एम एम प्लांट सथित नहीं है उसके बाद भी अधिकारी ठेकेदार के पक्ष में सामग्री का डब्ल्यू एम एम प्लांट से लाना बता रहे हैं।

अधिकारी कहा रहे हैं कि सामग्री डब्लू एम एम प्लांट से आ रही है और कहा कि ग्रेडिंग सही है।

अब सवाल ये उठता है कि जब सड़क निर्माण कार्य का अनुबंध ठेकेदार ने निर्माण सामाग्री को डब्लू एम एम प्लांट से मिश्रण डालें जाने किया गया है और ठेकेदार जे सी बी से गिट्टी को डमफरो में भरकर सड़क निर्माण स्थल गिरा दिया जाता है और उसके बाद उस पर पानी डालकर ग्रेडर से बिछाया गया है जबकि सामग्री को पेवर मशीन से सडक पर बिछाना था जो कि ये प्रकिया ठेकेदार के अनुबंध मे है और ठेकेदार के द्वारा लोक निर्माण विभाग के राज्य मंत्री के निर्देशों को ठेंगा दिखाया जा रहा है।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोरकोमा में लचर अव्यवस्था को दुरुस्त करने भाजयुमो कुदमुरा मंडल के पदाधिकारियों ने सी.एम.ओ को सौंपा ज्ञापन



- संवाददाता -
कोरबा, 10 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

कोरबा जिला मुख्यालय से लगभग 20 किलोमीटर की दूरी पर स्थित सांसद आदर्श ग्राम कोरकोमा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सा नर्सिंग स्टाफ की कमी, सफाई कर्मचारी, चौकीदार एवं विद्युत की लचर अव्यवस्था को दुरुस्त करने हेतु युवा मोर्चा कुदमुरा मंडल के कार्यकर्ताओं ने सी.एम.ओ को ज्ञापन दिया। बता दें कि पूर्व लोकसभा सांसद स्व. डॉ बंशीलाल महतो के प्रयास से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र व 10 बेड का अस्पताल भवन का निर्माण कराया गया था, किन्तु वर्तमान स्थिति में पूर्ण रूप से बगैर देखरेख के स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था लचर होता जा रहा है जहां पानी, बिजली, स्वच्छता, सुरक्षा की बदहाल अव्यवस्था होने के कारण यहां आने वाले मरीजों व परिजनों को बहुत दिक्कत व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उसमें सुधार करने हेतु भाजयुमो कार्यकर्ताओ व स्थानीय लोगों द्वारा सी.एम.ओ को पत्र के माध्यम से ज्ञापन दिया गया। जिसमें मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी कुदमुरा मंडल के महामंत्री राजू गुप्ता , भारतीय जनता युवा मोर्चा कुदमुरा मंडल के अध्यक्ष धनंजय चौहान , महामंत्री दिनेश प्रजापति , सुखलाल कंवर , अजीत, धरम, सचिन, अर्जुन, व मंगल सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस पर छात्राओं को दी कई उनके अधिकार की जानकारी

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 10 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

शासकीय राजमोहिनी देवी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर में आईक्यूएसी एवं राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वाधान में अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य विषय मानव अधिकार संरक्षण में पुलिस की भूमिका थी।




इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में सरगुजा संभाग के पुलिस महानिरीक्षक राम गोपाल गर्ग ने छात्राओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं को पुलिस से मिलने वाले सहयोग की जानकारी दी और पुलिस द्वारा हर वक्त उन्हें दी जाने वाली सुरक्षा का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में प्राचार्य डॉ. ज्योति सिन्हा द्वारा आईजी का स्वागत किया गया। आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर डॉ. अखिलेश द्विवेदी ने मानव अधिकार की मूल अवधारणा को छात्राओं के बीच रखा एवं छात्राओं को अपने अधिकारों के संरक्षण के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी। अंत में राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. हाजरा बानो ने मुख्य अतिथि एवं संपूर्ण पुलिस प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया एवं भविष्य में इसी तरह के सहयोग देने का अनुरोध किया। कार्यक्रम का संचालन प्रियंका सिंह चंदेल सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी द्वारा किया गया। अंत में डॉ. अखिलेश द्विवेदी द्वारा संपादित पुस्तक शीर्षक %समकालीन भारत में जनजातियों का सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक समावेशन मुद्दे एवं चुनौतियां' का विमोचन आईजी द्वारा किया गया।

## बालको प्रबंधन ने जर्जर सड़क का जल्द सुधार कार्य कराने दिया आश्वासन

- संवाददाता -
कोरबा, 10 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।



निगम के नेता-प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल की अगुवाई में परसाभांठा के लोगों ने राखड़ परिवहन से हो रही परेशानी और जर्जर सड़क से उड़ते धूल के विरोध में रोड पर धरने पर बैठ गए थे। इसके 15 दिन पहले प्रबंधन को 15 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया था। कोई पहल नहीं होता देख धरना देकर कंपनी प्रबंधन का ध्यान आकृष्ट कराया गया। शनिवार को निगम के नेता-प्रतिपक्ष की मौजूदगी में बालको प्रबंधन व परसाभांठा बस्ती के लोगों के साथ बैठक हुई जिसमें मांगों पर चर्चा हुई। बैठक में सकारात्मक नतीजे सामने आए। हितानंद ने बताया कि प्रबंधन ने जर्जर सड़क का जल्द सुधार कार्य कराने प्रारंभ कराने और उड़ते धूल से निजात दिलाने का आश्वासन दिया गया है। कंपनी के खाली पदों को भरने योग्यतानुसार स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देने की भी मांग को मान लिया गया है। इसके लिए पखवाड़े भर का समय दिया गया है।



## चालक के नशे में पाए जाने पर कोयले से भरा ट्रेलर जब्त, प्रकरण भेजा गया कोर्ट

- संवाददाता -
कोरबा, 10 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

एसपी कोरबा संतोष सिंह के मार्गदर्शन तथा एएसपी अभिषेक वर्मा के पर्यवेक्षण में जिले के शहरी एवं उपनगरीय खदान क्षेत्रों के सड़क मार्गों में नशे में वाहन चलाकर दुर्घटना की स्थिति पैदा करने वाले भार वाहन चालकों तथा शहरी क्षेत्र में बीच सड़क पर कार, टैक्सी खड़ी कर आवागमन बाधित करने वालों के विरुद्ध व्यापक पैमाने पर यातायात पुलिस ने कार्यवाही शुरू कर दी है। इसी अभियान के तहत कल उपनगरीय क्षेत्र हरदीबाजार के पास डीएसपी यातायात के निर्देशन में एएसआई घनश्याम सिंह राजपूत ने अपने हमराह आरक्षक राजकुमार नीलम और समार सिंह के साथ धारा 125 में कोयले से भरी ट्रेलर क्रमांक सीजी-10/बीएच 6600 के चालक को नशे में पाए जाने पर परीक्षण कराकर उसके वाहन को धारा 185 में जब्त कर उसका प्रकरण कोर्ट में पेश किया। इसी तरह एएसआई मनोज राठौर ने शहरी क्षेत्र में आवागमन बाधित करने वाले कार वाहनों को लॉक लगाकर उनके विरुद्ध भी कार्यवाही कि।


**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक 202212020700024**

**विषय:-ब-121 मामले की श्रेणी राजस्व सन् 2022-2023**

फुन्दुरडिहारी प.ह.न.00016
पक्षकारों का विवरण
आवेदक पक्षकार-महावीर मिंज
अनावेदक पक्षकार-छ0ग0 शासन

**ईश्तहार**

आवेदक महावीर मिंज आ0बदुआ जाति उरांव निवासी ग्राम फुन्दुरडिहारी तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम फुन्दुरडिहारी स्थित खसरा नंबर 130/40 रकबा 0.020 हे0 भूमि के द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका हेतु आवेदन पेश किया गया है।
उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 23.12.2022 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05/12/2022 को जारी किया जाता है।

सील — भूषण सिंह मंडावी, तहसीलदार, सरगुजा (अम्बिकापुर)

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला सरगुजा(छ0ग0)**

रा0प्र0क्रं0- /ब-121/2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गुलाबी मंडल पति अजय मंडल व अन्य निवासी सुभाषनगर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम सुभाषनगर स्थित खसरा नंबर 155/2 रकबा 1.120 हे0 भूमि में से रकबा 0.760 हे भूमि को अनावेदक नरेश विश्वास आ0 रंजीत विश्वास व अन्य निवासी सुभाषनगर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 पास अंकन राशि रूपए 25,00,000/-में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है ,जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 23.12.2022 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
आज दिनांक 05/12/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — तहसीलदार, अम्बिकापुर सरगुजा छ0ग0

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला सरगुजा(छ0ग0)**

रा0प्र0क्रं0- /ब-121/2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक समीर मजुमदार आ0 शैलेन्द्र मजुमदार निवासी सुभाषनगर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम सुभाषनगर स्थित खसरा नंबर 42 रकबा 0.830 हे0 भूमि में से रकबा 16 डिसमिल भूमि को अनावेदक अनिल कुमार ताम्रकार आ0 स्व0 मुरारीलाल निवासी देवीगंज रोड अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 पास अंकन राशि रूपए 17,60,000/-में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है ,जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 23.12.2022 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
आज दिनांक 05/12/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — तहसीलदार, अम्बिकापुर सरगुजा छ0ग0

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला सरगुजा(छ0ग0)**

रा0प्र0क्रं0- /ब-121/2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेश कुमार घोष आ0 सुनील घोष व अन्य निवासी सुभाषनगर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम सुभाषनगर स्थित खसरा नंबर 123/3 में से रकबा 10 डिसमिल को अनावेदक रणधीर तिवारी आ0 नरेन्द्र तिवारी निवासी गांधीनगर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 पास अंकन राशि रूपए 11,00,000/-में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है ,जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 23.12.2022 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
आज दिनांक 05/12/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — तहसीलदार, अम्बिकापुर सरगुजा छ0ग0

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला सरगुजा(छ0ग0)**

रा0प्र0क्रं0- /ब-121/2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक देव कुमार गुप्ता पिता भुवनेश्वर प्रसाद निवासी ग्राम नमनाकला तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम नमनाकला स्थित खसरा नंबर 264/3 रकबा 0.017 हे भूमि को अनावेदक रीतीमा जायसवाल पति विकास कुमार जायवाल निवासी ग्राम गंगापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 पास अंकन राशि रूपए 5,50,000/-में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है ,जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 28.12.2022 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
आज दिनांक 08/12/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — तहसीलदार, अम्बिकापुर सरगुजा छ0ग0

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला सरगुजा(छ0ग0)**

रा0प्र0क्रं0- /ब-121/2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रीतीमा जायसवाल पति विकास कुमार जायसवाल निवासी गंगापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम नमनाकला स्थित खसरा नंबर 607/97 रकबा 0.015 हे भूमि को अनावेदक आशा गुप्ता पति देव कुमार गुप्ता निवासी ग्राम नमनाकला तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 पास अंकन राशि रूपए 4,50,000/-में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है ,जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 28.12.2022 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
आज दिनांक 08/12/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — तहसीलदार, अम्बिकापुर सरगुजा छ0ग0

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला सरगुजा(छ0ग0)**

रा0प्र0क्रं0- /ब-121/2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जदूनाथ आ0गोविन्द सरकार निवासी सुभाषनगर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम सुभाषनगर स्थित खसरा नंबर 92/1 रकबा 1.140 हे0 भूमि में से 26 डिसमिल भूमि को अनावेदक क्रमांक-01 मौसमी चौधरी आ0 स्व0 केशवलाल चौधरी एवं खसरा नंबर 92/1 रकबा 1.140 हे0 भूमि में से 13 डिसमिल अनावेदक क्रमांक-02 ज्योत्सना जायसवाल पत्नी उत्तम जायसवाल तथा खसरा नंबर 92/1 रकबा 1.140 हे0 भूमि में से 13 अनावेदक क्रमांक-03 लक्ष्मी जायसवाल पत्नी जितेन्द्र जायसवाल के पास अंकन राशि रूपए 19,50,000/-में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है ,जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 16.12.2022 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
आज दिनांक 24/11/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — तहसीलदार, अम्बिकापुर सरगुजा छ0ग0

# बांग्लादेश के खिलाफ ईशान किशन का बड़ा धमाका

» बांग्लादेश के खिलाफ ठोका तूफानी दोहरा शतक,

» बनाया फास्टेस्ट डबल सेंचुरी का वर्ल्ड रिकॉर्ड



**ढाका,10 दिसम्बर 2022।** भारतीय क्रिकेट टीम के युवा सलामी बल्लेबाज ईशान किशन ने बांग्लादेश की धरती पर आज नया इतिहास रच दिया। भारत भले ही 3 मैचों की सीरीज को 2-0 से गंवा चुका है, लेकिन आखिरी मुकाबले में ईशान की बल्लेबाजी ने भारतीय फैंस और भारतीय क्रिकेट को एक संजीवनी बूटी दे डाली है। क्योंकि 24 साल के इस खिलाड़ी ने मात्र 126 गेंदों का सामना करते हुए वनडे इंटरनेशनल मैच में दोहरा शतक जड़ डाला।
चोटिल कप्तान रोहित शर्मा की जगह तीसरे वनडे में प्लेइंग-11 का हिस्सा बने ईशान किशन ने इंटरनेशनल क्रिकेट की सबसे तेज डबल सेंचुरी जमा दी है। उन्होंने 126 बॉल में यह कारनामा किया है। 24 साल के किशन ने क्रिस गेल (138 बॉल पर) को पीछे छोड़ा। गेल ने 2014 में जिम्बाब्वे के खिलाफ यह कारनामा किया था। ईशान 131 गेंद पर 210 रन बनाकर आउट हुए। ईशान ने 131 गेंदों की पारी में 24 चौके और 10 छक्के लगाए।

अपने इस ऐतिहासिक दोहरे शतक में ईशान किशन ने सिर्फ चौके -छक्के से ही 150 से ज्यादा रन जुटाए। बता दें कि ईशान किशन दोहरा शतक लगाते ही यह उपलब्धि हासिल करने वाले चौथे भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे पहले भारत के लिए रोहित शर्मा, सचिन तेंदुलकर और वीरेंद्र सहवाग ने यह कारनामा किया हुआ है। बता दें कि ईशान किशन को चयनकर्ताओं ने काफी बार नजरअंदाज किया है। लेकिन अपने इस प्रदर्शन से ईशान ने चयनकर्ताओं के मुंह पर तमाचा मारा है । ईशान किशन एक विस्फोटक बल्लेबाज हैं ।उन्होंने अपनी प्रतिभा को एक बार फिर साबित किया है।
इसके अलावा विराट कोहली ने भी शतकीय पारी खेल डाली है. कोहली ने छक्के के साथ अपना शतक पूरा किया है। कोहली ने 85 बॉल पर यह शतक जड़ा है। इस दौरान उन्होंने 11 चौके और एक छक्का लगाया है। विराट कोहली ने सबसे ज्यादा इंटरनेशनल शतक के मामले में रिकी पोंटिंग को पछाड़ दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। कोहली के अब 72 शतक हो चुके हैं जो पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान से एक ज्यादा हैं.सबसे ज्यादा शतक का रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम पर है. सचिन ने 100 शतक लगाए थे।
सबसे ज्यादा शतक-
सचिन तेंदुलकर 100
विराट कोहली 72
रिकी पोंटिंग 71

### तीसरे वनडे में भारत ने बांग्लादेश को 227 रनों से हराया

ईशान किशन के दोहरे शतक और विराट कोहली की कमाल की सेंचुरी की बदौलत भारत ने यहां पहाड़ जैसा स्कोर बनाया. बांग्लादेश इस दबाव को झेल नहीं पाया और एक-एक करके उसकी बल्लेबाजी यूनिट ढेर हो गई. टीम इंडिया पर यहां क्लीन स्वीप होने का खतरा था, लेकिन आखिरी मैच जीतकर उसने इस खतरे को टाल दिया.

### भारत ने मैच जीता,बांग्लादेश ने सीरीज

भारत ने बांग्लादेश को तीसरे वनडे मैच में रिकॉर्ड 227 रनों से हराकर खुद को क्लीन स्वीप से बचा लिया है. भारत ने भले ही ये मैच जीत लिया हो लेकिन बांग्लादेश ने इस सीरीज पर 2-1 से कब्जा कर लिया है. टीम इंडिया ने इस मैच में बांग्लादेश को 410 का टारगेट दिया था, लेकिन बांग्लादेश की टीम 182 पर ही ऑलआउट हो गई.

# फीफा वर्ल्ड कप 2022 में हुआ बड़ा उलटफेर

» क्वॉर्टर फाइनलः क्रोएशिया से टीम की हार के बाद ब्राज़ील में पसरा सन्नाटा

» सांबा म्यूज़िक की तैयारियां भी धरी रह गयीं

» क्रोएशिया ने पांच बार की चैंपियन ब्राजील को टूर्नामेंट से किया बाहर

**साओ पाउलो, ,10 दिसम्बर 2022।** क्रोएशिया अपने गोलकीपर डॉमिनिक लिवाकोविच के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पेनल्टी शूटआउट तक पहुंचे फीफा विश्व कप क्वार्टरफाइनल में पांच बार की चैम्पियन ब्राजील को 4-2 से हराकर उलटफेर करते हुए सेमीफाइनल में पहुंचा। क्रोएशिया का सामना अब अर्जेंटीना और नीदरलैंड के बीच होने वाले क्वार्टरफाइनल की विजेता से होगा। टीम के स्टार रहे लिवाकोविच जिन्होंने नियमित समय में ब्राजील के किसी भी शॉट को गोल में नहीं बदलने दिया।
पिछले विश्व कप के फाइनल में पहुंची टीम इस जीत की हकदार थी जिसने किसी भी समय घुटने नहीं टेके और पिछड़ने के बाद भी अपनी सही रणनीति से डटी रही जिससे ब्राजील को ज्यादा मौके नहीं मिले। नियमित समय के बाद अतिरिक्त समय में स्कोर 1-1 से बराबर रहा जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट से फैसला हुआ। मैच को यहां तक पहुंचाने में क्रोएशियाई गोलकीपर लिवाकोविच की भूमिका काफी अहम रही जिन्होंने पूरे मुकाबले के दौरान कई बेहतरीन बचाव कर पेनल्टी शूटआउट की अंतिम चुनौती में रोड्रिगो और मार्किन्होस के गोल बचाये।
अतिरिक्त समय में पहले नेमार ने ब्राजील को बढ़त दिलायी थी लेकिन क्रोएशिया ने ब्रुनो पेतकोविच के 117वें मिनट में किये गये गोल से बराबरी हासिल की। नेमार (105+1वें मिनट) के गोल करते ही पूरा स्टेडियम गूंज उठा। इस 77वें गोल से उन्होंने ब्राजील के लिये पेले के सर्वकालिक गोल के रिकॉर्ड की बराबरी की। पूरे मैच में अच्छा नहीं खेल पाने के बाद इस गोल से उन्हें थोड़ी राहत मिली थी। पर मैच का फैसला पेनल्टी शूटआउट में होना लिखा था और पेतकोविच के गोल ने स्कोर बराबर कर दिया।
स्पॉट किक में क्रोएशिया के लिये निकोला व्लासिच, लोवरो माजेर, लुका मोदरिच और मिस्लाव



ओरिसिच ने गोल किये। ब्राजील के रोड्रिगो के शॉट का लिवाकोविच ने बचाव किया। कासीमिरो और पेड्रो के शॉट सफल रहे लेकिन मार्किन्होस के चूकते ही स्टेडियम में सन्नाटा पसर गया जिसमें बड़ी तादाद में ब्राजील के प्रशंसक मौजूद थे। वहीं क्रोएशियाई खेमे में खुशियों की लहर छा गयी। क्रोएशिया के खिलाड़ियों ने अपने अनुभव का पूरा इस्तेमाल किया और नियमित समय में उनका डिफेंस अडिग रहा जिससे ब्राजील को कोई सफलता नहीं मिली।
पहले हाफ में ही बढ़त बनाने की कोशिश में जुटी ब्राजील के तीन ही शॉट निशाने पर गये जिन्हें रोक दिया गया। क्रोएशिया को भी कुछ मौके मिले लेकिन वे असफल रहे। दूसरे हाफ में ब्राजील ने आक्रामक शुरूआत की और क्रोएशियाई गोलकीपर की काफी परीक्षा ली लेकिन गोल नहीं कर पाये। टीम और उसके दर्शकों की हताशा बढ़ती जा रही थी। मिडफील्ड में क्रोएशिया का अनुभव काम आया और उसने सही फैसले किये। 47वें ही मिनट में क्रोएशियाई गोलकीपर ने एक अच्छा बचाव किया। अगले ही मिनट में संभावित पेनल्टी चेक की गयी लेकिन यह पेनल्टी नहीं थी जिससे क्रोएशिया ने राहत की सांस ली।
दो मिनट बाद क्रोएशिया को कॉर्नर मिला, पर कोई फायदा नहीं हुआ। नेमार 54वें मिनट में गेंद लेकर भागे और उन्हें गिरा दिया गया जिसे रैफरी ने अस्वीकार कर दिया। दो मिनट बाद ब्राजील के इस स्टार फॉरवर्ड ने रिचार्लिसन की मदद से गोल के करीब पहुंचे लेकिन उनका शॉट सीधे गोलकीपर के हाथ में गया। राफिन्हा की जगह एंटोनी को उतारा गया। 65वें मिनट में नेमार पर फाउल करने के लिये ब्राजील को फ्री किक मिली लेकिन गोल से 32 गज की दूरी के शॉट से कोई मदद नहीं मिली। रोड्रिगो को विनिसियस जूनियर की जगह उतारा गया।
अगले ही मिनट में क्रोएशियाई गोलकीपर लिवाकोविच ने करीब के एक शानदार शॉट का बचाव किया, ब्राजील को कॉर्नर मिला लेकिन यह कारगर नहीं रहा। ब्राजील के कासेमिरो को क्रैमारिच पर फाउल के लिये पीला कार्ड मिला। लिवाकोविच ने 76वें मिनट में नेमार के एक और शॉट का शानदार बचाव किया। क्रोएशिया चार साल पहले फाइनल में फ्रांस से हार गयी थी। टीम के पिछले छह विश्व कप मैच अतिरिक्त समय में गये जिसमें से कतर में जापान पर राउंड 16 में पेनल्टी शूटआउट में मिली जीत भी शामिल है। टीम टूर्नामेंट के पिछले 10 नॉकआउट मैचों में से आठ में सफल रही है। ब्राजील की टीम 2014 के बाद पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचने की कोशिश में थी।

# ज्योतिरादित्य सिंधिया के बेटे महानार्यमन सिंधिया को एमपीसीए में मिली अहम जिम्मेदारी

**इंदौर ,10 दिसम्बर 2022।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के 27 वर्षीय बेटे महानआर्यमन सिंधिया को आजीवन सदस्य के रूप में मध्यप्रदेश क्रिकेट संगठन (एमपीसीए) में शामिल किया गया है। एमपीसीए के एक शीर्ष पदाधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। इस साल अप्रैल में ग्वालियर के संभागीय क्रिकेट संगठन के उपाध्यक्ष बनाए गए महानआर्यमन, एमपीसीए में खासा रसूख रखने वाले पूर्व ग्वालियर राजवंश की तीसरी पीढ़ी के नुमाइंदे हैं जो अब औपचारिक तौर पर इस संगठन का हिस्सा हो गए हैं।
इससे पहले, उनके दिवंगत दादा माधवराव सिंधिया और पिता ज्योतिरादित्य सिंधिया एमपीसीए के शीर्ष पदों पर रह चुके हैं। एमपीसीए के अध्यक्ष अभिलाष खांडेकर ने इंदौर स्थित संगठन की वार्षिक साधारण सभा (एजीएम) के बाद बताया कि एजीएम से पहले नियमित प्रक्रिया के तौर पर एमपीसीए में शामिल किए गए छह नये सदस्यों में महानआर्यमन



सिंधिया शामिल हैं। इनमें से महानआर्यमन को आजीवन सदस्य बनाया गया है। खांडेकर ने कहा कि महानआर्यमन ग्वालियर संभाग क्रिकेट संगठन के उपाध्यक्ष हैं और संभाग में क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए पिछले छह-सात सालों से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एमपीसीए की सदस्यता के लिए अन्य लोगों के अलावा केंद्रीय मंत्री के बेटे का आवेदन भी ''पिछले कई दिनों से लम्बित'' था।
एमपीसीए की होलकर स्टेडियम में आयोजित एजीएम में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया संगठन के सदस्य के तौर पर शामिल हुए। महानआर्यमन को एमपीसीए की सदस्यता दिए जाने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने अपने बेटे के नाम का उल्लेख किए बगैर कहा कि जिन लोगों में खेल-कूद और क्रिकेट के प्रति रुचि है, हमें ऐसे सभी लोगों को एमपीसीए से जोड़कर संगठन को आगे ले जाना है। हमने एमपीसीए प्रबंधन से निवेदन किया है कि वे सभी नये-पुराने सदस्य जो खेल के विकास में पूर्ण रूप से योगदान करना चाहते हैं, उनका इस क्षेत्र में पूरा इस्तेमाल होना चाहिए।

# सर्वश्रेष्ठ फिल्मों में शामिल हुई आरआरआर


एसएस राजामौली की ऐतिहासिक महाकाव्य फिल्म आरआरआर पूरी दुनिया में डंका बजा रही है। वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई करने के बाद अब यह फिल्म दुनियाभर के अवॉर्ड्स अपने नाम करती जा रही है। हॉलीवुड क्रिटिक्स एसोसिएशन अवॉर्ड्स में सर्वश्रेष्ठ फिल्म के लिए नामांकित होने के बाद अब फिल्म को राष्ट्रीय समीक्षा बोर्ड (एनबीआर) द्वारा वर्ष की 10 सर्वश्रेष्ठ फिल्मों में से एक के रूप में नामित किया गया है। एनबीआर की टॉप-10 सूची में नामित होने के बाद आरआरआर के ऑस्कर जीतने की संभावनाएं बढ़ गई हैं। दलअसल, एनबीआर न्यूयॉर्क में फिल्म जगत के जानकार लोगों का एक संगठन है। इस संगठन के 100 से अधिक सदस्य दुनियाभर में रिलीज हुई फिल्मों में से 10 सर्वश्रेष्ठ फिल्म का चयन करते हैं। कहा जाता है कि एनबीआर की टॉप-10 सूची में शामिल होने वाली फिल्मों का नाम ऑस्कर विजेताओं की सूची में जरूर शामिल होता है। 1. टॉप गनः मेवरिक 2. आफ्टर सन 3. अवतारः द वे ऑफ वॉटर 4. द बंशी ऑफ इनिशरिन 5. एवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वन्स 6. द फैबेलमैन्स 7. ग्लास ओनियनः ए नाइफ्स आउट मिस्ट्री 8. आरआरआर 9. टिल 10. द वूमेन किंग वूमेन टॉकिंग
साल 2022 की ब्लॉकबस्टर फिल्म साबित होने के बावजूद आरआरआर को भारत की ओर से आधिकारिक रूप से ऑस्कर के लिए नहीं भेजा गया। दर्शकों की मांग और फिल्म को मिल रही सफलता को देखते हुए फिल्म निर्माताओं ने आरआरआर को स्वतंत्र रूप से ऑस्कर की दावेदारी के लिए भेजा। सर्वश्रेष्ठ फिल्म, सर्वश्रेष्ठ निर्देशक और सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (जूनियर एनटीआर और राम चरण) समेत कुल 14 श्रेणियों के लिए फॉर योर कंसिडरेशन (एफवाईसी) कैंपेन के तहत ऑस्कर में भेजा गया है।





आरआरआर ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 903.68 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। वहीं विदेशों में फिल्म ने कुल 221.32 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। तेलुगू में फिल्म ने 428.27 करोड़, हिंदी में 265.42 करोड़, तमिल में 58.48 करोड़, मलयालम में 18.41 करोड़ और कन्नड़ में 1.52 करोड़ रुपये की कमाई की है। इसके साथ ही फिल्म का कुल कलेक्शन 1,125 करोड़ रुपये तक जा पहुंचा है। फिल्म को अटलांटा फिल्म क्रिटिक्स सर्कल (एएफसीसी) द्वारा बेस्ट इंटरनेशनल पिक्चर के रूप में सम्मानित किया गया है। राजामौली को न्यूयॉर्क फिल्म क्रिटिक्स सर्कल की तरफ से सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार दिया गया। फिल्म की कास्ट और क्रू को एससीए स्पॉटलाइट अवॉर्ड का सम्मान भी मिल चुका है। आरआरआर, सैटर्न अवॉर्ड्स 2022 में बेस्ट इंटरनेशनल फिल्म का अवॉर्ड भी अपने नाम कर चुकी है।

# व्हाइट बॉडीकॉन में स्टनिंग पोज देती नजर आईं राशि खन्ना, बोल्डनेस देखकर फैंस हुए मदहोश



साउथ एक्ट्रेस राशि खन्ना ने अपनी पहचान साउथ इंडस्ट्री में ही नहीं, बल्कि हिंदी फैंस भी उनकी खूबसूरती के कायल हैं। सोशल मीडिया पर धमाल मचाने वाली एक्ट्रेस राशि खन्ना की तस्वीरें सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से वायरल हो जाती हैं। वहीं, फैंस को उनकी तस्वीरें काफी पसंद आती हैं। लेटेस्ट में एक्ट्रेस राशि खन्ना ने अपनी ग्लैमरस तस्वीरें शेयर की हैं। जिन्हें देखकर फैंस आहें भर रहे हैं। साउथ एक्ट्रेस राशि खन्ना व्हाइट कलर की बॉडीकॉन आउटफिट में बेहद ही ग्लैमरस नजर आ रही हैं। डीपनेक बॉडीकॉन ड्रेस में राशि खन्ना ने कई कातिलाना पोज दिए, इस लुक में एक्ट्रेस गजब की बला लग रही हैं। लाइट मेकअप और कर्ली हेयर स्टाइल में राशि खन्ना कमाल लग रही हैं। डीपनेक आउटफिट में एक्ट्रेस राशि खन्ना अपना क्लीवेज फ्लॉन्ट कर रही हैं। राशि खन्ना ने अपने फिल्मी करियर की शुरूआत साउथ इंडस्ट्री से की। लेकिन, जल्द ही वो बॉलीवुड में अपना जलवा बिखेरती नजर आएंगी। साउथ एक्ट्रेस राशि जल्द ही सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म योद्धा में नजर आएंगी। राशि की सोशल मीडिया पर तगड़ी फैन फॉलोइंग है, वहीं, एक्ट्रेस साउथ की टॉप एक्ट्रेसेस में से एक हैं। राशि की हाल ही में साउथ स्टार धनुष के साथ रिलीज हुई फिल्म थिरुचित्रम्बलम सुपरहिट रही थी। सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस राशि खन्ना की बड़ी फैन फॉलोइंग है। उनके इंस्टाग्राम पर 8.8 मिलियन फॉलोइंग है।

# भारतीय ओलंपिक संघ की पहली महिला अध्यक्ष बनीं महान एथलीट पीटी उषा

**नई दिल्ली, 10 दिसम्बर 2022।** भारत की महान एथलीट पीटी ऊषा ने शनिवार (10 दिसंबर) को इतिहास रच दिया। वह भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की पहली महिला अध्यक्ष बन गई। चुनाव में उन्हें निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। 1960 के बाद पहली बार कोई खिलाड़ी आईओए का अध्यक्ष बना है।



पीटी ऊषा के नाम एशियाई खेलों में चार स्वर्ण और सात रजत पदक हैं। वह 1982, 1986, 1990 और 1994 एशियाई खेलों में पदक जीती थीं। इसके अलावा उनके नाम एशियाई चैंपियनशिप में 14 स्वर्ण, छह रजत और तीन कांस्य पदक हैं। 58 साल की पीटी ऊषा 1984 ओलंपिक में 400 मीटर बाधा दौड़ के फाइनल में चौथे स्थान पर रही थीं। चुनाव उच्चतम न्यायालय से नियुक्त किए गए सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व जज नागेश्वर राव की देखरेख में संपन्न हुए। उषा के अध्यक्ष चुने जाने से आईओए में गुटीय राजनीति के कारण पैदा हुआ संकट भी समाप्त हो गया।
आईओए के 95 साल के इतिहास में वह अध्यक्ष बनने वाली पहली ओलंपियन और पहली अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता हैं। इससे उनकी उपलब्धियों में एक और उपलब्धि जुड़ गई है। उषा ने 2000 में संन्यास लेने से पहले भारतीय और एशियाई एथलेटिक्स में दो दशक तक अपना दबदबा बनाया था। उषा देश का प्रतिनिधित्व करने वाले पहली खिलाड़ी हैं।

# 12 साल बाद जयदेव की हुई वापसी

**ढाका,10 दिसम्बर 2022।** मोहम्मद शमी के चोटिल होने के बाद उनकी जगह जयदेव उनादकट को टीम में शामिल किया गया है। जयदेव उनादकट 31 साल के हैं। उन्होंने अपना एकमात्र टेस्ट मैच 2010 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरियन में खेला था। इस टेस्ट मुकाबले में उन्हें एक भी सफलता हासिल नहीं हुई थी। लेकिन घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करने के बाद उनकी टीम इंडिया में एक बार फिर से वापसी हो रही है।



खबर यह भी है कि जयदेव उनादकट फिलहाल राजकोट में हैं। वीजा से संबंधित औपचारिकताओं को पूरी करने की कोशिश की जा रही है। माना जा रहा है कि जयदेव उनादकट जल्द ही टीम इंडिया से जुड़ जाएंगे। जयदेव उनादकट ने भारत के लिए टेस्ट और एकदिवसीय मुकाबलों में भी खेला है। सात एकदिवसीय मुकाबले में उन्होंने 8 सफलताएं हासिल की हैं जबकि 10 टी-20 मुकाबलों में 14 विकेट मिले हैं। जयदेव उनादकट ने 91 आईपीएल मुकाबले खेले हैं जिसमें 91 विकेट लिए हैं। एक सीजन में वे सबसे महंगे बिकने वाले खिलाड़ी भी रहे हैं।
जयदेव उनादकट के हाल के प्रदर्शन को देखें तो सौराष्ट्र के लिए उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी में सर्वाधिक विकेट लिए 10 मुकाबलों में उन्होंने 19 सफलताएं हासिल की है। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उन्होंने 96 मुकाबले खेले हैं जिसमें 353 विकेट लिए हैं।

बांग्लादेश के लिए यह है टीम इंडिया
भारतीय टीम- रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उप-कप्तान), शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत, केएस भरत, रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, शार्दुल ठाकुर, जयदेव उनादकट, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव।















# ईडी ने की 152 करोड़ रुपए की संपत्ति अटैच

**रायपुर,10 दिसम्बर 2022(ए)।** ईडी ने छत्तीसगढ़ में डिप्टी सचिव सौम्या चौरसिया,आईएएस समीर बिश्नोई और सूर्यकांत तिवारी समेत दूसरे आरोपियों की ₹152.31 करोड़ की संपत्ति मनी लॉड्रिंग मामले में अटैच कर दी है। यह कारवाई 25 रुपये प्रति टन कोयले पर कमीशन(सरकारी एक्सटॉर्शन) मामले में की गयी है। शनिवार को इस मामले में सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश कर दिया गया है।

### यहां है ये संपत्तियां

दुर्ग जिले के हिर्री, पोतिया और सेवती में 63.38 एकड़ कृषि भूमि।
रायपुर के आरंग और रसनी में 10 एकड़ कृषि भूमि।
दुर्ग के ठकुराइनटोला में 12 एकड़ की व्यावसायिक भूमि।
फार्म हाउस आदि





बता दें कि ईडी ने छत्तीसगढ़ में कथित कोयला लेवी घोटाले से जुड़े धनशोधन के एक मामले में कल एक विशेष अदालत में अभियोजन परिवाद पेश किया। ईडी ने इस मामले में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के एक अधिकारी तथा तीन अन्य लोगों को आरोपी बनाया गया है।

ईडी के अधिवक्ता सौरभ पांडेय के अनुसार निदेशालय ने अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत की अदालत में धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत आठ हजार पन्नों का अभियोजन परिवाद प्रस्तुत किया।

पांडेय ने बताया कि इसमें आईएएस अधिकारी समीर विश्नोई, कोयला व्यापारी सूर्यकांत तिवारी, लक्ष्मीकांत तिवारी और एक अन्य व्यवसायी सुनील अग्रवाल को आरोपी बनाया गया है। ईडी ने परिवाद में उल्लेख किया है कि वरिष्ठ अधिकारियों, व्यापारियों, राजनेताओं और बिचौलियों से जुड़े एक गिरोह द्वारा राज्य में कोयला परिवहन के लिए 25 रुपये प्रति टन की अवैध उगाही की जा रही थी।

## अब वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए होगी विश्नोई समेत ईडी के चारों आरोपियों की पेशी

मनी लांड्रिंग और कोल परिवहन में अवैध लेवी एवं बेहिसाब संपत्ति के मामले में सूर्यकांत तिवारी, आईएएस समीर विश्नोई, लक्ष्मीकांत तिवारी और सुनील अग्रवाल की वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कल पेशी होगी। सबसे पहले ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) के कर्मचारी बड़े-बड़े कार्टून में सबूत लेकर आए। बता दें कि ईडी ने शुक्रवार को मनी लांड्रिंग और कोल परिवहन में अवैध लेवी के मामले में स्पेशल जज अजय सिंह राजपूत की अदालत में चालान पेश किया था।पिछली पेशी के दौरान ही ऐसे संकेत मिले थे कि ईडी 10 दिसंबर को चालान पेश कर सकती है। हालांकि ईडी ने एक दिन पहले ही चालान पेश कर दिया है। फिलहाल सूर्यकांत तिवारी, आईएएस समीर विश्नोई, लक्ष्मीकांत तिवारी और सुनील अग्रवाल के खिलाफ चालान पेश किया है।

## दस साल पहले बने आधार कार्ड अपडेट कराना जरूरी,वरना हो सकती है परेशानी

**रायपुर,10 दिसम्बर 2022(ए)।** रायपुर जिले में लोगों को शासकीय योजनाओं का लाभ लेने और दूसरी कई परेशानियों से बचाने के लिए दस साल पुराने आधार कार्डो का अपडेशन अब शिविर लगा कर किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भुरे के निर्देश पर सभी ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों में शिविर लगा कर दस साल पहले बने आधार कार्डों में डेमोग्राफिक्र अपडेशन का काम किया जा रहा है। जिले में अब तक पन्द्रह से अधिक शिविर लग चुके है। इन शिविरों में साढ़े चार हजार से अधिक लोगों के आधार कार्ड अपडेट किये गए है। आने वाले दिनों में भी ऐसे शिविर लगा कर आधार अपडेशन का काम तेजी से करने के निर्देश कलेक्टर डॉ भुरे ने अधिकारियों को दिए है। कलेक्टर ने जिले वासियों से अपील की है कि जिनका भी आधार कार्ड दस साल पहले बना है वे उसे जल्द से जल्द अपडेट करा ले। अन्यथा सरकारी योजनाओ व सेवाओं का लाभ लेने में कठिनाई के साथ दूसरी परेशानियों का भी सामना करना पड़ सकता है।




जिले की ई-डीएम कीर्ति शर्मा ने बताया कि भारत के यूनिक पहचान प्राधिकरण ने पिछले दस वर्षो के दौरान अपडेट नहीं हुए आधार डॉक्यूमेंट -आधार कार्ड को अपडेट करना शुरू कर दिया है। रायपुर जिले में अभनपुर, सिवनी, केन्द्री, हसदा, धरसींवा, बोरियाकला, सांकरा, माना बस्ती, तिल्दा, सिनोधा, चिचोली, खपरीकला, आरंग, आमासिवनी, भोथली, चोरभटटी, गुखेरा में अब तक आधार अपडेशन शिविर लगाए जा चुके है। ई-डीएम ने बताया कि आधार नंबर व्यक्ति के पहचान के रूप में जारी पहचान पत्र है। आधार नंबर के माध्यम से विभिन्न सरकारी योजनाओं व् सेवाओं का लाभ लिया जा रहा है। इन योजना और सेवाओं का लाभ निरंतर जारी रखने आधार डॉक्यूमेंट के डाटा को अपडेट रखना चाहिए। आधार प्रमाणीकरण सत्यापन में किसी तरह कि परेशानी ना हो, इसे देखते हुए प्राधिकरण ने ऐसे लोगों जिन्होंने 10 वर्ष पहले आधार डॉक्यूमेंट बनवाया था, लेकिन इसके बाद कभी अपडेट नहीं कराया है, उन्हें आधार अपडेट कराने की अपील भी की है।

## कोयले की टीपी व डंपिंग यार्ड में कोयले में मिलावट का खेल जारी

**रायगढ़ ,10 दिसम्बर 2022(ए)।** जिले में काले हीरे की अवैध परिवहन मामले में भले ही ईडी अपन जांच कर चुकी है लेकिन अभी भी कोल परिवहन में करोड़ो के घोटाले जारी हैं और इनको रोकने के लिये कोई पहल नहीं होनें से बड़े कोल तस्कर अपने कारोबार को लगातार बढ़ाते चल जा रहें हैं। इतना ही नही बुलंद हौसलों के बाद अब ये कोल तस्कर सीधे यहां तक धमकी देते हैं कि उनका बिगाड़ने वाले लोगों का जो हश्र होगा वह किसी ने सपने में नही सोचा होगा। इनका धमकी भरा अंदाज इसलिये ऐसा है चूंकि जिले के कुछ बड़े अधिकारी इन कोल तस्करों को ब्लाइंड सपोर्ट कर रहे हैं।



अधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले में एसईसीएल की कोयला खदानों में तो कोयले की ग्रेडिंग को लेकर पहले ही बड़ी अफरा-तफरी का खुलासा हो चुका है और अब वहां से परिवहन होनें वाले कोयले के मामले में भी एक के बाद एक कई बड़ी जानकारी सामने आ रही है। सूत्रों से बताया कि केवल टीपी के माध्यम से ही रोजाना लाखों रूपये का कोयला कोल तस्करों के डंपिंग यार्ड में उतरता है और वहां उतरने वाला कोयला या तो ओडिसा का होता है या फिर किसी दूसरी कंपनी का। इतना ही नहीं टीपी के नियमों का खुला उल्लंघन उस वक्त देखने को मिलता है जब संबंधित कोल ट्रांसपोर्टर स्थानीय लोगों की मदद व बड़े अधिकारियों के संरक्षण से कोयले में मिलावट करके आगे रवाना कर देता है। यह खेल पिछले कई दिनों से जारी है और इसी मिलावट के खेल में कोल तस्कर मालामाल हो रहे हैं।

अधिकारिक सूत्रों ने यह भी बताया कि चाहे कोल डंपिंग पाइंट हो या फिर कोयले की रैक का डंपिंग यार्ड हो वहां बड़ी आसानी से कोयले की टीपी के खेल में बड़ा खेल हो रहा है और साथ ही साथ मिलावट के नाम पर भी कई उद्योगों को घटिया कोयला सप्लाई करके इस मामले में गड़बड़ी की जा रही है। मजे की बात यह है कि कभी छोटे से ट्रांसपोर्ट चलाने वाले आज के बड़े कोल व्यवसायी व कथित उद्योगपति बड़े अधिकारी के पास बैठकर उनकी कलई खोलने वाले लोगों को खुली धमकी देकर यह कहते हैं कि अगर उनकी पोल खोली गई तो अंजाम भुगतने के लिये भी तैयार रहे हैं। बहरहाल देखना यह है कि एक तरफ ईडी ऐसे कोल तस्करों को लगातार बेनाकाब कर रही है, वहीं कुछ बड़े अधिकारी ऐसे कोल तस्करों को संरक्षण देकर कोल माफिया के धंधे को बढावा दे रहे हैं। इन पर कब गाज गिरेगी यह भविष्य के गर्त में है।

## फ्री राशन के साथ ये भी मिलेगी बिल्कुल मुफ्त

**रायपुर ,10 दिसम्बर 2022 (ए)।** पीएमजीकेएवाई के लाभार्थियों के लिए बड़ी खबर सामने आ रही है। इस योजना के तहत राशन कार्ड धारकों को केन्द्र सरकार बड़ी राहत देने जा रही है। इसके इस्तेमाल करके जल्द बल्ले-बल्ले हो सकते हैं। जल्द ही राशन कार्ड धारकों को फ्री राशन मिलने लगेगा।खबरों की मानें तो केन्द्र के साथ-साथ राज्य सरकारें भी दिसंबर तक फ्री राशन देने की सुविधा को बढ़ाने जा रही है। कोरोना काल सरकार की ओर से यह सुविधा शुरू की गई थी। इस योजना से लाखों लोगों को लाभ मिला।आपको बता दें कि अन्त्योदय राशनकार्ड धारकों को जुलाई-अगस्त-सितम्बर की 3 किलो चीनी 18 रुपये प्रति किलो के हिसाब से बांटी जा रही है तो आप दिवाली से पहले सस्ते में चीनी ले सकते हैं। इसके साथ ही फ्री राशन भी प्राप्त कर सकते हैं।



महाराष्ट्र सरकार ने दिवाली के पहले तक राज्य के राशनकार्ड धारकों को 100 रुपये में किराने का सामान देने का ऐलान किया है। सौ रुपये के पैकेट में एक किलो रवा (सूजी), मूंगफली, खाद्य तेल और पीली दाल होगी। मंत्रिमंडल के बयान में कहा गया है कि राज्य में ऐसे 1.70 करोड़ परिवार या सात करोड़ लोग हैं, जिनके पास राशन कार्ड की सुविधा है।

## शिक्षक द्वारा स्कूल में शराब का सेवन

### शिक्षा विभाग की कार्यवाई,सहायक शिक्षक सस्पेंड

**जशपुर,10 दिसम्बर 2022 (ए)।** जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 09 दिसंबर को प्राप्त निरीक्षण प्रतिवेदन के आधार पर शीतल राम, सहायक शिक्षक (एल.बी.) प्राथमिक शाला सेमरजोबला, संकुल सोनगेरसा, विकासखण्ड-बगीचा जिला-जशपुर (छ.ग.) द्वारा मद्यपान का सेवन कर विद्यालय में उपस्थित होना पाया गया। संबंधित का चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया जिसमें शीतल राम, सहायक शिक्षक (एल.बी.) के द्वारा कर्तव्य अवधि में शराब का सेवन किया जाना पाया गया। संबंधित का उक्त कृत्य छ.ग. सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 03 एवं नियम 23 के सर्वथा विपरीत है, जो कि कदाचरण की श्रेणी में आता है।




अतएव शीतल राम, सहायक शिक्षक (एल.बी.). प्राथमिक शाला सेमरजोबला, संकुल सोनगेरसा, विकासखण्ड-बगीचा जिला-जशपुर (छ.ग.) को छ.ग. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 09 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड-बगीचा जिला ङ्क जशपुर (छ.ग.) नियत किया जाता है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

## ब्रांडेड कंपनियों के नकली सामान बेचे जाने का खुलासा

**रायपुर ,10 दिसम्बर 2022 (ए)।** गोलबाजार पुलिस ने कैनन ब्रांड के नकली सामान बेचने वालों पर छापेमार कार्रवाई की है। इलेक्ट्रॉनिक समान बेचने वाले मिलेनियम प्लाजा, आईटी मॉल, साक्षी कंप्यूटर सर्विस, गर्ग इंटरप्राइजेज में पुलिस ने छापामार कार्रवाई की।




पुलिस ने इन दुकानों में प्रिंटर में लगने वाले कैनन ब्रांड के 73 बॉक्स टोनर इंक जब्त किया है। इसके साथ ही लाखों का सामान जप्त किया गया। तीन दुकानदारों सौरभ नाहटा, गजेंद्र सिंह राजावत और विकास अग्रवाल के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस के मुताबिक सीएक्सआई कन्सलटेन्ट इंडिया प्राईवेट लिमिटेड के आपरेशन मैनेजर एवं जांच अधिकारी मुजीब खान ने एक लिखित आवेदन दिया था कि मिलेनियम प्लाजा में साक्षी कम्प्यूटर मालिक गजेन्द्र सिंह, आई.टी. मॉल तीसरी मंजिल के मालिक सौरभ नाहटा और मिलेनियम प्लाजा के सामने गर्ग इंटरप्राईजेश का मालिक विकास अग्रवाल कैनन ब्रांड कम्पनी के नकली सामानों को असली बता कर बेच रहे है, जिससे कैनन कम्पनी एवं सरकार को राजस्व की हानि हो रही हैं।

शिकायत के बाद गोलबाजार थाने से एक टीम बनाई गई। टीम ने तीनों दुकान में छापामार कार्रवाई की। इस दौरन 73 नकली बॉक्स टोनर, इंक जब्त किया गया।

## 58 टॉप छात्रों को लैपटॉप के लिए मिले 50-50 हजार के चेक

**रायपुर ,10 दिसम्बर 2022 (ए)।** आज राजीव गांधी स्मृति प्रयास आवासीय विद्यालयों के प्रतिभाशाली 58 विद्यार्थियों को सम्मानित किया। प्रयास आवासीय विद्यालय के यह प्रतिभावान विद्यार्थी वर्ष 2021-22 की राष्ट्रीय स्तर की जेईई, नीट और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होकर राष्ट्रीय स्तर की संस्थाओं में अध्ययन कर रहे हैं। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने इस अवसर पर आईआईटी, एनआईटी, ट्रीपल आईटी और मेडिकल में प्रवेश लेने वाले प्रत्येक विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिए 50-50 हजार रूपए की राशि का चेक दिया।



मंत्री डॉ. टेकाम ने इस अवसर पर राज्य की विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के अधोसंरचना निर्माण के लिए 72 करोड़ 83 लाख 73 हजार रूपए की लागत वाले 32 निर्माण कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। इसमें 67 करोड़ 86 लाख 28 हजार रूपए के 29 विकास कार्यों का भूमिपूजन और 04 करोड़ 97 लाख 45 हजार रूपए के तीन विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल है। इस अवसर पर आईआईटी धनबाद में अध्ययनरत छात्रा मेरिना स्मृति मिंज और आईआईटी रायपुर में अध्ययनरत छात्र मुरली मनोहर वर्मा ने अपने अनुभव भी साझा किए।

मंत्री डॉ. टेकाम ने कहा कि प्रयास आवासीय विद्यालय राज्य के संपूर्ण अनुसूचित क्षेत्र सहित गैर-अनुसूचित क्षेत्र में स्थित नक्सल प्रभावित जिलों के आदिवासी उप-योजना क्षेत्र के प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रारंभ से प्रतियोगी परीक्षाओं की दृष्टिकोण से तैयार करता है, जिससे वे विभिन्न राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर की प्रतिष्ठापूर्ण संस्थाओं में प्रवेश पाना योग्य बन सके।

बता दें कि वर्ष 2021-22 में अब तक प्रयास विद्यालय से 107 आईआईटी, 305 एनआईटी, 916 विद्यार्थी विभिन्न इंजीनियरिंग कॉलेजों में और 47 विद्यार्थियों ने मेडिकल कॉलेज में प्रवेश प्राप्त का रिकॉर्ड बनाया है। वर्ष 2021-22 में प्रयास आवासीय विद्यालयों ने आईआईटी में 10, एनआईटी में 36, ट्रीपल आईटी में 08, मेडिकल कॉलेज में 04 विद्यार्थियों ने और विभिन्न राज्य स्तरीय परीक्षाओं को मिलाकर कुल 451 विद्यार्थियों ने व्यावसायिक शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश प्राप्त किया है।

## फ्लाईओवर से गिरकर दम्पति की दर्दनाक मौत,सीएम बघेल ने कार्रवाई के दिए निर्देश

**दुर्ग ,10 दिसम्बर 2022 (ए)।** जिले के भिलाई में निर्माणाधीन फ्लाईओवर से गिरकर पति पत्नी की मौत हो गई। वही हादसे में एक बच्ची घायल हुई है। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना शुक्रवार की देर रात की है। मृतक का नाम आजुराम देवांगन बताया जा रहा है। वह अपनी पत्नी और बच्ची के साथ शादी समारोह में शामिल होने गया था। देर रात वहां से वापस आते समय हादसा हुआ है। हादसे को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दुःख व्यक्त किया है। साथ ही जिम्मेदार के विरुद्ध तत्काल दंडात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए है।

जानकारी के अनुसार, चंगोराभाठा क्षेत्र निवासी आजुराम देवांगन अपनी पत्नी और बच्ची के साथ शादी समारोह में गए हुए थे। देर रात वह से वापस आते समय कुम्हारी में निर्माणाधीन फ्लाईओवर में लाइट और बेरिकेड्स नहीं होने के कारण वो अपनी वाहन को अधूरे फ्लाईओवर पर लेकर चढ़ गए। रात में काफी अँधेरा होने से रास्ता नहीं दिखा और वह गाड़ी समेत फ्लाईओवर से गिर गए। इस घटना में उसकी और उसकी पत्नी की मौत हो गई। वहीं 12 वर्षीय बालिका गंभीर है, जिसका उपचार जारी है।



हादसे के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दुःख जताया है। सीएम ने ट्वीट करते हुए लिखा की ङ्क कुम्हारी में निर्माणाधीन ओवर ब्रिज से एक मोटरसाइकिल गिरने से दम्पत्ति की मृत्यु की घटना बेहद दुखद है। जिला प्रशासन को दुर्घटना में घायल बच्ची को बेहतर इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। जिम्मेदारों के विरुद्ध तत्काल दंडात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति एवं उनके परिवारजनों को संबल दे। जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्माणाधीन ओवरब्रिज में बेरिकेडिंग सहित सुरक्षा के सभी उपाय सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए हैं ताकि भविष्य में ऐसा हादसा ना हो।

## ब्रह्माकुमारी कमला दीदी का निधन

### राज्यपाल और सीएम ने जताया शोक

**रायपुर ,10 दिसम्बर 2022 (ए)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ब्रह्माकुमारी कमला दीदी क्षेत्रीय प्रशासिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी कमला दीदी का शनिवार सुबह एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह पिछले कुछ दिनों से बीमार थीं और रायपुर के एक निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। उनके निधन पर राज्यपाल अनुसुइया उइके और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शोक जताया है।

ब्रह्माकुमारी कमला दीदी का पार्थिव शरीर आज दोपहर 12 बजे से आम लोगों के दर्शनार्थ विधानसभा रोड स्थित शांति सरोवर में रखा गया। रविवार को दोपहर 1 बजे उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।



### ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान मिलेः उइके

राज्यपाल ने कहा कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय रायपुर की क्षेत्रीय प्रशासिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी कमला दीदी के निधन का दुखद समाचार प्राप्त हुआ। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान एवं उनके अनुयायियों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

### पूरा जीवन समाज के लिए समर्पित कर दिया- सीएम बघेल

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी कमला दीदी के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने कहा कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की क्षेत्रीय प्रशासिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी कमला दीदी के निधन का समाचार दुखद है। ब्रह्माकुमारी कमला दीदी ने अपना पूरा जीवन समाज के लिए समर्पित कर दिया। हर महत्वपूर्ण अवसर पर वे मुझसे मिलने के लिए मेरे निवास आया करती थीं।

## टीबी पर शोध को मिला बिल-मेलिडां गेट्स फाउंडेशन अवार्ड

**रायपुर ,10 दिसम्बर 2022 (ए)।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में फ्लूरल टीबी को लेकर किए गए शोध को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली है। मलेशिया में आयोजित इंटरनेशनल कांग्रेस ऑफ इंफेक्शन डिजीज-2022 में इसे बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन डेवलपमेंट अवॉर्ड प्रदान किया गया है। इस शोध की मदद से भारत में दूसरी बार सबसे अधिक पाए जाने वाले फ्लूरल टीबी की जांच में तेजी संभव हो सकेगी।




### प्वाइंट ऑफ केयर की मदद से मरीजों की पहचान

माइक्रोबायोलॉजी विभाग के अंतर्गत पीजी के छात्र डॉ. अतीश मोहपात्रा ने एम्स के टीबी लैब में 170 टीबी रोगियों पर अतिरिक्त प्राध्यापक डॉ. उज्ज्वला गायकवाड़ के निर्देशन में शोध किया। इसमें पाया गया कि लिपोराबाइनोमनन (एलएएम) डिटेक्शन की मदद से फ्लूरल टीबी को और अधिक सटीकता और तीव्रता के साथ चिन्हित किया जा सकता है। यह अन्य जांच के मुकाबले अधिक कारगर पाया गया। यह प्रयोग रोगियों पर काफी असरदायक रहा और इसकी मदद से प्वाइंट ऑफ केयर पर ही फ्लूरल टीबी के रोगियों की पहचान संभव हो सकेगी।

डॉ. मोहपात्रा के इस शोध को आईसीआईडी-2022 के 40 एब्स्ट्रेक्ट प्रस्तुतियों में 'डायग्नोस्टिक एक्यूरेसी ऑफ एलएएम डिटेक्शन इन फ्लूरल टीबी' शीर्षक के इस शोध को भी चुना गया। साथ ही उन्हें बिल और मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन का प्रतिष्ठित अवॉर्ड भी प्रदान किया गया।

### प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर ने दी बधाई

विषय विशेषज्ञों और शोधार्थियों ने भी उनके शोध की काफी सराहना की। निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर ने डॉ. मोहपात्रा और डॉ. गायकवाड़ को शोध के लिए बधाई देते हुए अन्य विभागों से भी रोगियों को त्वरित राहत प्रदान करने वाले शोध करने के लिए प्रोत्साहित किया है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)